राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन न्यास
(एनआईसीडीआईटी)

वार्षिक रिपोर्ट
और
अंकेक्षित वित्तीय विवरण
(हिंदी तथा अंग्रेज़ी)

वित्तीय वर्ष 2021-22

संगठन के संबंध में प्रासंगिक विवरण प्रस्तुत करने के लिए प्रपत्र ओ.एम नं. के पैरा 02 पर भेजा गया एल.ए.क़.इ.ए. एस -सी.बी.II067/18/2019-सी.बी.-II दिनांक 23.10.2019 लोकसभा सचिवालय

मंत्रालय का नाम: - वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

विभाग का नाम: उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डी.पी.आई.आई.टी)

संगठन का नाम: राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन न्यास

क्रम संख्या	विवरण	टिप्पणी
1	कृपया निर्दिष्ट करें, क्या संगठन स्वायत्त / सांविधिक निकाय, संयुक्त उद्यम, निगम, सार्वजनिक उपक्रम, आदि है	न्यास
2	संगठन की स्थापना का वर्ष	2012
3	क्या संगठन संबंधित मंत्रालय / विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है	उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डी.पी.आई.आई.टी)
4	संगठन को संचालित करने वाले अधिनियम / नियम / विनियम	न्यास विलेख तथा भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 तथा सामान्य वित्तीय नियम, 2017
5	क्या उपरोक्त क्रम संख्या 4 में उल्लिखित अधिनियम / नियम / विनियमन में सदन के पटल पर संगठन की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखा रखने के प्रावधान हैं? (हाँ या नहीं में इंगित करे) (कृपया अधिनियम / नियम / विनियमन की एक प्रति संलग्न करें)	हाँ (सामान्य वित्तीय नियम, 2017 के नियम 237 संलग्न है)
6	यदि क्रम संख्या 5 से ऊपर का उत्तर हां में है, तो इन रिपोर्टों को पटल पर रखने के लिए निर्धारित समय सीमा को इंगित करें।	31 दिसंबर
7	क्या संबंधित मंत्रालय / विभाग से संगठन को वित्तीय सहायता (एक बार / आवर्ती / वार्षिक) प्राप्त हुई है।	वार्षिक
8	क्या स्थापना के बाद से निरंतर, संगठन की वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखा सदन के पटल पर रखे जा रहे हैं; (हाँ या नहीं में इंगित करे)	हाँ
9	यदि ऊपर दिए गए क्रम संख्या 8 का उत्तर हां है, तो पिछले तीन वर्षों यानी 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के लिए सदन के पटल पर अपेक्षित दस्तावेज रखने की तिथि (तारीखों) को इंगित करें।	**वित्तीय वर्ष** / **लोकसभा** / **राज्यसभा** 2018-19 / 21.09.2020 / 12.02.2021 2019-20 / 10.02.2021 / 12.02.2021 2020-21 / 09.02.2022 / 11.02.2022
10	यदि क्रम संख्या 8 के ऊपर का उत्तर नहीं है; तो इसकी स्थापना के बाद से उन वर्षों का उल्लेख कारणों के साथ, जिनके लिए संगठन द्वारा अपेक्षित दस्तावेज नहीं रखे गए हैं, तथा वही, सदन के पटल पर कब तक रखे जाने की उम्मीद है।	लागू नहीं

authority, not being a foreign State or international Body/Organization, the Comptroller and Auditor General is competent under Section 15 (1) of the CAG's (DPC) Act, 1971, to scrutinize the procedures by which the sanctioning authority satisfies itself as to the fulfillment of the conditions subject to which such Grants and/or loans were given and shall, for this purpose, have right of access to the books and accounts of that Institute or Organisation or authority.

Rule 236 **(3)** In all other cases, the Institution or Organisation shall get its accounts audited from Chartered Accountants of its own choice.

Rule 236 **(4)** Where the Comptroller and Auditor General of India is the sole auditor for a local Body or Institution, auditing charges will be payable by the auditee Institution in full unless specifically waived by Government

Rule 237 **Time Schedule for submission of annual accounts.** The dates prescribed for submission of the annual accounts for Audit leading to the issue of Audit Certificate by the Comptroller and Auditor General of India and for submission of annual report and audited accounts to the nodal Ministry for timely submission to the Parliament are listed below:-

(I) Approved and authenticated annual accounts to be made available by the Autonomous Body to the concerned Audit Office and commencement of audit of annual accounts-30th June

(ii) Issue of the final SAR in English version with audit certificate to Autonomous Body/ Government concerned -31st October

(iii) Submission of the Annual Report and Audited Accounts to the Nodal for it to be laid on the Table of the Parliament -31st December

Rule 238 **(1) Utilization Certificates.** In respect of non-recurring Grants to an Institution or Organisation, a certificate of actual utilization of the Grants received for the purpose for which it was sanctioned in Form GFR 12-A, should be insisted upon in the order sanctioning the Grants-in-aid. The Utilization Certificate in respect of Grants referred to in Rule230 (10) should also disclose whether the specified, quantified and qualitative targets that should have been reached against the amount utilised, were in fact reached, and if not, the reasons therefor. They should contain an output based performance assessment instead of input based performance assessment. The Utilization Certificate should be submitted within twelve months of the closure of the financial year by the Institution or Organisation concerned. Receipt of such certificate shall be scrutinised by the Ministry or Department concerned. Where such certificate is not received from the Grantee within the prescribed time, the Ministry or Department will be at liberty to blacklist such Institution or Organisation from any future grant, subsidy or other type of financial support from the Government.

Rule 238 **(2)** In respect of recurring Grants, Ministry or Department concerned should release any amount sanctioned for the subsequent financial year only after Utilization Certificate in respect of Grants of preceding financial year is submitted. Release of Grants-in-aid in excess of seventy five per cent of the total amount sanctioned for the subsequent financial year shall be done only after utilisation certificate and the annual audited statement relating to Grants-in-aid released in the preceding year are submitted to the satisfaction of the Ministry/Department concerned. Reports submitted by the Internal Audit parties of the Ministry or Department and Inspection Reports received from Indian Audit and Accounts Department and the performance reports if any received for the third and fourth quarter in the year should also be looked into while sanctioning further Grants.

Rule 238 **(3)** Utilization certificates need not be furnished in cases where the Grants -in -aid / CFA are being made as reimbursement of expenditure already incurred on the basis of duly audited accounts. In such cases the sanction letters should specify clearly that the Utilization Certificates will not be necessary.

Rule 238 **(4)** In respect of Central Autonomous Organisations, the Utilization Certificate shall disclose separately the annual expenditure incurred and the funds given to suppliers of stores and assets, to construction agencies, to staff for (House

विषय सूची

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ सं.
1	वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए वार्षिक रिपोर्ट	1 - 45
2	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट	46-50
3	वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए प्रमाणित वार्षिक खाते	51 - 62

वार्षिक रिपोर्ट
(वित्तीय वर्ष 2021-22)

15 सितंबर 2011 को भारत सरकार द्वारा दिए गए अनुमोदन के अनुसार दिनांक 27 सितंबर, 2012 को ट्रस्ट डीड के निष्पादन द्वारा डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड निगमित किया गया था।

भारत सरकार ने दिनांक 22 दिसंबर, 2016 के आदेश द्वारा दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कोरिडोर प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी-पीआईटीएफ) के अधिदेश और दायरे को विस्तारित करने तथा देश में औद्योगिक गलियारों के एकीकृत विकास के लिए इसे नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) के रूप में पुन: नामित करने का अनुमोदन प्रदान किया। एनआईसीडीआईटी, भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करेगा। सरकार ने निम्नलिखित संरचना के साथ एनआईसीडीआईटी के न्यासी मंडल के गठन को भी अनुमोदन दिया है:

1. सचिव, डीपीआईआईटी, अध्यक्ष;
2. सचिव, व्यय विभाग, सदस्य;
3. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, सदस्य;
4. सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग, सदस्य;
5. सचिव, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग, सदस्य;
6. अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, सदस्य;
7. सीईओ, नीति आयोग, सदस्य; और
8. सीईओ, एनआईसीडीआईटी, सदस्य सचिव

एनआईसीडीआईटी की भूमिका, उत्तरदायित्व तथा कार्य निम्नानुसार हैं:

क) औद्योगिक गलियारों के विकास के लिए एक सक्षम संस्थानिक, आर्थिक और क्रियाशील ढांचा स्थापित करना;

ख) नए औद्योगिक गलियारों, नोड, अर्ली बर्ड प्रोजेक्ट और स्टैंडअलोन प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए विभिन्न राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करना;

ग) सभी प्रोजेक्टों का मूल्यांकन करना और एसपीवी को इक्विटी अथवा ऋण अथवा दोनों अधिकृत करना और वित्तीय अधिकारों के अनुमोदित प्रत्यायोजन के अनुसार परियोजना विकास के लिए अनुदान की स्वीकृति देना;

घ) नॉलिज पार्टनर(रों), विशेष प्रयोज्य योजनाओं (एसपीवी) और राज्य सरकारों द्वारा औद्योगिक गलियारों में परियोजना विकास गतिविधियों को सहारा देना और उद्योगों के लिए प्रमुख निवेशकों की पहचान करने में राज्यों की सहायता करना;

ङ) आवश्यकता के अनुसार ऋण/इक्विटी एकत्र करना, भारत सरकार द्वारा उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाना और परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों/अन्य स्टेक होल्डरों के साथ संयुक्त उद्यम में गठित एसपीवी को इक्विटी/ऋण उपलब्ध कराना;

च) पिछले अनुच्छेदों में उल्लिखित तौर-तरीकों को प्रभावी रूप देने के लिए, समय-समय पर आवश्यकता अनुसार, राज्य सरकारों/परियोजना विशेष एसपीवी/सार्वजनिक अथवा निजी संगठनों के साथ अनुबंध करना;

छ) विशेष रूप से पहचाने गए सामरिक अर्ली बर्ड प्रोजेक्ट जिन्हें सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर विकसित किया जा सकता है, ऐसे प्रोजेक्टों के लिए राज्यों के मौजूदा तंत्र द्वारा भूमि अधिग्रहण के लिए धन उपलब्ध कराना। बहरहाल, शहर/नोड के लिए भूमि आवश्यक रूप से राज्य की इक्विटी होगी और राज्य द्वारा अधिगृहित की जाएगी तथा उनके द्वारा पूर्ण भुगतान किया जाएगा।

ज) एनआईसीडीआईटी, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएंडएजी) की सलाह पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में लेखों को रखेगा और खाते भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा लेखापरीक्षा के अधीन होंगे।

एनआईसीडीआईटी का संस्थानिक ढांचा निम्नानुसार है:

क. एनआईसीडीआईटी का निदेशक मंडल प्रत्येक एसपीवी की अन्य बातों के साथ-साथ, भूमि अधिग्रहण और कार्य के वास्तविक निष्पादन की प्रगति को ध्यान में रखते हुए, ऋण और इक्विटी के इष्टतम मिश्रण, वित्तीय साधनों के विकल्प, निधियों की मात्रा, नियम एवं शर्तें और भारत सरकार द्वारा उपलब्ध अनुदान से संवितरण अनुसूची को अनुमोदन और स्वीकृति देगा। इसी प्रकार परियोजना विकास के लिए नॉलेज पार्टनर(रों) को कार्य की प्रगति के अनुसार चरणों में अनुदान प्रदान किया जाएगा।

ख. एनआईसीडीआईटी वित्तीय संस्थानों से दीर्घकालिक ऋण जुटाने के लिए भारत सरकार के उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाएगी और औद्योगिक गलियारों के विकास को सक्षम बनाने

हेतु यथोचित अनुमोदनों को प्राप्त करने के पश्चात कर-मुक्त बांड, कैपिटल गेन बांड, साख संवर्धन, आदि जारी करेगी।

ग. एनआईसीडीआईटी में भारत सरकार के अंशदान का उपयोग एक परिक्रामी निधि के रूप में किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा एसपीवी में किया गया निवेश एनआईसीडीआईटी के माध्यम से होगा ताकि भारत सरकार द्वारा दिए गए अनुदानों का प्रयोग कर एनआईसीडीसी द्वारा अभी तक विकसित एसपीवी द्वारा सभी ऋण भुगतान और एसपीवी से इक्विटी विनिवेश की प्रक्रिया से प्राप्त धन को परिक्रामी निधि में पुन: लगाया जाए, जो एनआईसीडीआईटी को भविष्य में इस प्रकार के और औद्योगिक शहरों को विकसित करने में सक्षम बनाएगा। नोडल/सिटी लेवल एसपीवी भारत सरकार/राज्य सरकारों से उपयुक्त गारंटियों द्वारा साख संवर्धन के माध्यम से दीर्घकालिक ऋण जुटा सकती हैं, ताकि यह बीमा और पेंशन निधियों द्वारा निवेश के लिए अर्थक्षम हो। नोडल/सिटी लेवल एसपीवी को नवप्रवर्तन अवसंरचना निधिकरण शामिल करने और यूजर फी फंडिंग, मूल्य नवप्रवर्तन और विभिन्न पीपीपी व्यवस्था जैसे साधन नियोजित करने का प्रयास करेंगी। राज्य सरकार/एसपीवी द्वारा ऋण अथवा अन्य संसाधनों के रूप में एकत्र की गई निधि को भी राज्य की ओर से योगदान गिना जायेगा।

घ. पीपीपी परियोजनाओं को वित्तीय प्रोत्साहन देने हेतु केंद्रीय क्षेत्र अवसंरचना प्रोजेक्ट के अनुसार उनके सूत्रीकरण, मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए प्रचलित दिशा-निदेशों का अनुपालन किया जाएगा। इस प्रकार की परियोजनाएं प्रचलित नीति के अनुसार वॉयाबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) की पात्र होंगी। डीपीआईआईटी के सचिव और एनआईसीडीआईटी के सदस्य सचिव, इंडस्ट्रियल कोरिडोर परियोजनाओं हेतु सार्वजनिक-निजी भागीदारी अनुमोदन समिति (पीपीपीएसी) के सदस्य होंगे। मास्टर प्लान/डेवलपमेंट प्लान के अनुसार समन्वित विकास सुनिश्चित करने के संबंध में औद्योगिक गलियारों में वीजीएफ के लिए सभी प्रस्तावों को एनआईसीडीआईटी द्वारा जांचा और अनुशंसित किया जाएगा।

ङ. प्रत्येक इंडस्ट्रियल सिटी/नोड को भारत सरकार से औसतन 2500 करोड़ रुपए का समर्थन दिया जाएगा जो भौगोलिक स्थान, आकार, राज्य के योगदान और विकासात्मक आवश्यकताओं पर निर्भर करते हुए अधिकतम 3000 करोड़ रुपए होगा। प्रत्येक शहर/नोड के लिए वास्तविक आवश्यकता भिन्न-भिन्न हो सकती है, जो भूमि की लागत और अवसंरचना विकास तथा भूमि अधिप्राप्ति/लैंड पूलिंग के लिए धन जुटाने की राज्य सरकार की क्षमता पर निर्भर करता है। राज्य सरकार का योगदान भूमि अथवा द्विपक्षीय/बहुपक्षीय वित्तपोषण सहित किसी भी स्रोत से उसके द्वारा जुटाए गए धन के रूप में होगा। यद्यपि गैर-पीपीपी

परियोजनाओं के लिए कुल आवश्यकता बहुत अधिक हो सकती है जो शहर प्रति शहर भिन्न होगी और भारत सरकार से मांगी जा रही उपरोक्त उल्लिखित धनराशि इन शहरों/नोडों में विकास के प्रथम चरण को शुरू करने के लिए है। बाद में, धनराशि आंतरिक मुद्रीकरण, आदि द्वारा जुटाई जाएगी।

शक्तियों का प्रत्यायोजन

एनआईसीडीआईटी अपने सम्मुख प्रस्तुत सभी गैर-पीपीपी परियोजनाओं के प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगी। एनआईसीडीआईटी बोर्ड द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर, यह 300 करोड़ रुपए तक की मूल्यांकित परियोजनाओं का अनुमोदन देगा। 300 करोड़ रुपए से अधिक परंतु 500 करोड़ तक की मूल्यांकित परियोजनाओं के मामले में प्रभारी मंत्री का अनुमोदन प्राप्त करना होगा। 500 करोड़ रुपए से अधिक लेकिन 1000 करोड़ रुपए तक के प्रस्तावों को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रभारी मंत्री और वित्त मंत्री द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। 1000 करोड़ रुपए से अधिक सभी प्रस्तावों को अनुमोदन हेतु आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

इसके अलावा, सीसीईए ने 30.12.2020 को आयोजित अपनी बैठक में परियोजनाओं की प्रगति, भूमि की उपलब्धता और भौतिक तैयारियों के आधार पर विभिन्न परियोजनाओं के चरण बदलने के लिए एनआईसीडीआईटी को अधिकार प्रदान किए हैं।

वर्ष 2021-22 के दौरान न्यासी मंडल ने 14 जुलाई, 2021 और 21 सितंबर, 2021 को बैठक आयोजित की।

इंडस्ट्रियल कोरिडोर नोड का नियोजन और उनकी अपनाई गई संधारणीयता विशेषताएं:

विकसित किए जा रहे इंडस्ट्रियल कोरिडोर नोड्स एक लंबे समय तक चलने वाले दृष्टिकोण को अपनाते है जो खुले हरित क्षेत्रों, पब्लिक ट्रांजिट और ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी), नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग को प्रोत्साहन देना, पारंपरिक ऊर्जा के प्रयोग को न्यूनतम करना, जल संरक्षण को ईष्टतमीकरण और पुन:चक्रण करना, ठोस अपशिष्ट सामग्रियों को एकत्रित और पुन:चक्रित करने सहित लो कार्बन सिटी (एलसीसी) विकसित करने के लिए आधारभूत कार्य करते हैं। ट्रंक अवसंरचना की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित है जो सभी नोड्स में अपनायी जाती है:-

क) सभी सुविधाओं को भूमिगत बनाए जाने की योजना है जिससे भूमि का बेहतर उपयोग हो सकेगा। वे परिवहन मार्ग से बाहर है ताकि अनुरक्षण और अन्य कार्यों के दौरान मुख्य परिवहन मार्ग प्रभावित न हो।

ख) बस स्टेशनों को 400 मीटर की पैदल दूरी के भीतर बनाया जाएगा। पहुंच बढ़ाने के लिए बेहतर अंतिम छोर संपर्कता विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। यातायात पर प्रभाव को कम करने के लिए बसबे/ बस स्टॉप के लिए प्रावधान है।

ग) अपशिष्ट जल को एकत्रित कर एसटीपी और सीईटीपी से पुन:चक्रित किया जाएगा और इसे गैर-पीने योग्य उद्देश्य से शहर में पुन:वितरित किया जाएगा। किसी भी ओवरफ्लो से बचने और कुशलता बनाए रखने के लिए स्काडा प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। स्थायी उपाय के लिए जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) को अपनाया जाएगा। औद्योगिक और रिहायशी क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक सीवर लाइनें होगी।

घ) सिटी लेवल पर वर्षा जल संचायन के माध्यम से जल संरक्षण को अपनाया गया है। उदाहरण के लिए धौलेरा में 2500 मिलियन लिटर क्षमता से अधिक वाले 100 मीटर चौड़े चैनल को वर्षा जल संग्रहण, पार्कों और बगीचों की सिंचाई के साथ-साथ गैर पीने योग्य उद्देश्य से उपयोग में लाया जाएगा।

ङ) ग्रीनफील्ड सिटी की संपूर्ण अवसंरचना योजना को वास्तविक समय की जानकारी उत्तपन्न करने और इसे प्रभावी रूप से परिचालित एवं प्रबंधित करने के लिए स्काडा, सेंसर और ऑटोमेशन के साथ नियोजित किया गया है। यह इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट, ई-गवर्नेंस, डिजिटल हेल्थ एवं एजुकेशन, इमरजेंसी और सिटी ऑपरेशन को सुविधाजनक बनाएगा।

च) खुले हरित क्षेत्रों के लिए वर्गीकरण अनुक्रम द्वारा हरित क्षेत्रों की योजना निम्नानुसार है:

i. पांच मिनट की पैदल दूरी पर नज़दीकी पार्क;
ii. दस मिनट की पैदल दूरी पर सामुदायिक पार्क;
iii. शहर के भीतर स्टोर्म वाटर केनाल के साथ लाइनर पार्क।

छ) सुरक्षित और स्थायी मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्टेशन प्रणाली के लिए योजना बनाई गई है जो सार्वजनिक परिवहन मोड और गैर-मोटर चालित मोड के साथ एकीकृत है।

ज) सामाजिक अवसंरचना के साथ कलस्टर में पार्किंग सुविधाओं के साथ प्रमुख पारगमन क्षेत्रों में नियोजित विद्युत चार्जिंग स्टेशन आयोजित है।

झ) सभी झीलों को बेहतर बनाया जा रहा है और पानी की धारणीयता को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त नहरों की योजना है और रहने वालों के लिए मनोरंजन क्षेत्र उपलब्ध कराने की भी योजना बनाई गई है।

ञ) निवासियों के लिए चलने हेतु व्यापक फुटपाथ और प्रदूषण कम करने के लिए साइकिल ट्रैक।

ट) सभी प्लॉट और परिसंपत्तियों को देखने के लिए व्यापक वेब आधारित जीआईएस ऐप्लिकेशन। सूचना प्राप्त करने, भूमि के लिए आवेदन और आबंटन के प्रति अपने आवेदन को देखने हेतु निवेशकों के लिए व्यापक ऑनलाइन भूमि प्रबंधन प्रणाली।

व्यापार और परिचालन की समग्र समीक्षा

परियोजनाओं की प्रगति की मुख्य विशेषताओं का सिंहावलोकन निम्नानुसार है:

1. दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कोरिडोर (डीएमआईसी) प्रोजेक्ट में महत्वपूर्ण प्रगति है जहां 04 ग्रीनफील्ड स्मार्ट इंडस्ट्रियल शहरों में प्रमुख अवसंरचना कार्य पूरे होने वाले है:

    - गुजरात में धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन के लिए 22.5 वर्ग किमी का सक्रियण क्षेत्र;
    - महाराष्ट्र में शेंद्रा बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया के चरण-1 के लिए 18.55 वर्ग किमी क्षेत्र;
    - उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में 747.5 एकड़ क्षेत्र वाला इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप प्रोजेक्ट;
    - मध्य प्रदेश के उज्जैन में लगभग 1100 एकड़ क्षेत्र में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप प्रोजेक्ट

अन्य कोरिडोरों के लिए परियोजना विकास गतिविधियां चल रही है।

2. उपरोक्त उल्लिखित शहरों में 851 एकड़ माप के 173 प्लॉट (38 आवासीय एवं वाणिज्यिक प्लॉट सहित) को आबंटित किया जा चुका है जिसमें_16,560 करोड़ रूपए का निवेश आकर्षित हुआ है। तत्काल आवंटन के लिए उपलब्ध भूमि क्षेत्र - 3,268 एकड़ विकसित औद्योगिक भूमि एवं अन्य उपयोग (वाणिज्यिक, आवासीय) के लिए 3,029 एकड़।

3. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, डीएमआईसी प्रोजेक्ट के भाग के रूप में राजस्थान सरकार के साथ जोधपुर पाली मारवाड़ इन्वेस्टमेंट एरिया (जेपीएमआईए) और खुशखेडा भिवाड़ी नीमराणा इन्वेस्टमेंट रीजन (केबीएनआईआर) के लिए शेयर होल्डर एग्रीमेंट (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) निष्पादित किए गए हैं।

4. इसके अतिरिक्त, सीबीआईसी विस्तार के अंतर्गत केरल में पालक्काड नोड और डीएमआईसी

के तहत राजस्थान में जेपीएमआईए एवं केबीएनआईआर के लिए प्रोजेक्ट एसपीवी को भी निगमित किया गया है;

5. एनआईसीडीआईटी ने 14 जुलाई, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में निम्न परियोजनाओं को इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत शामिल करने के लिए अपना अनुमोदन प्रदान किया है:

   क. एकेआईसी के तहत प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में आईएमसी सरस्वती हाई टेक सिटी (ब्राउनफील्ड विकास);

   ख. एकेआईसी के अंतर्गत बद्दी-बरोटीवाला-नालाघर (बीबीएन) नोड (हिमाचल प्रदेश); और

   ग. डीएमआईसी के अंतर्गत गुजरात में मंडल-बेचाराजी स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (एमबीएसआईआर)।

6. एनआईसीडीआईटी ने 21 सितंबर, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में निम्नलिखित परियोजनाओं का मूल्यांकन किया:

   क) दिल्ली मुंबई औद्योगिक गलियारे (डीएमआईसी) के अंतर्गत गुजरात में भीमनाथ से धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (डीएसआईआर) तक नई रेल लाइन का निर्माण; और

   ख) हैदराबाद नागपुर औद्योगिक गलियारे (एचएनआईसी) के तहत तेलंगाना में जहीराबाद नोड।

7. सरकार ने विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी मोडल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान को मंजूरी दे दी है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने 13 अक्टूबर, 2021 को पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान का लोकार्पण किया। पीएम गतिशक्ति एक समग्र अवसंरचना विकास कार्यक्रम है जो सभी संबंधित मंत्रालयों की विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं के एकीकरण की सुविधा प्रदान करेगा और व्यक्तियों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए मिसिंग गैप भरेगा। इसका उद्देश्य जीवन की सुगमता को बढ़ाना, व्यापार करने में सुगमता, व्यवधानों को कम करना और लागत दक्षता के साथ कार्यों को पूरा करने में तेजी लाना है। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा कार्यक्रम मांग से पहले गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना के सृजन के लिए नेशनल मास्टर प्लान का एक हिस्सा है और विनिर्माण में निवेश को आकर्षित करने हेतु विकसित भूखंडों को तत्काल आवंटन के लिए तैयार रखना और वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत को एक मज़बूत खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है।

8. वर्तमान में, नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर प्रोग्राम के अंतर्गत नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) के भाग के रूप में 04 चरणों में विकसित किए जाने वाली 32 परियोजनाओं के साथ निम्न 11 इंडस्ट्रियल कोरिडोर विकसित किए जा रहे है:

क. दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कोरिडोर (डीएमआईसी);

ख. चेन्नई-बेंगलुरु इंडस्ट्रियल कोरिडोर (सीबीआईसी);

ग. अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कोरिडोर (एकेआईसी);

घ. ईस्ट कोस्ट इंडस्ट्रियल कोरिडोर (ईसीआईसी) के फेज 1 के रूप में विजाग-चेन्नई इंडस्ट्रियल कोरिडोर (वीसीआईसी);

ङ. बेंगलुरु-मुंबई इंडस्ट्रियल कोरिडोर (बीएमआईसी);

च. कोयंबटूर होते हुए कोच्चि तक सीबीआईसी का विस्तार;

छ. हैदराबाद-नागपुर इंडस्ट्रियल कोरिडोर (एचएनआईसी);

ज. हैदराबाद-वारंगल इंडस्ट्रियल कोरिडोर (एचडब्ल्यूआईसी);

झ. हैदराबाद-बेंगलुरु इंडस्ट्रियल कोरिडोर (एचबीआईसी);

ञ. ओडिशा इकनोमिक कोरिडोर (ओईसी) और

ट. दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कोरिडोर (डीएनआईसी)

9. 4 चरणों में विकसित किए जाने के लिए प्रस्तावित 32 परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:

चरण 1 (पहले से ही अनुमोदित और जिन्हें क्रियान्वित किया जा रहा है)
•**1.1:** धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (डीएसआईआर) (22.5 वर्ग किमी), (गुजरात, डीएमआईसी) •**1.2:** शेंद्रा बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया (एसबीआईए) (18.55 वर्ग किमी), (महाराष्ट्र, डीएमआईसी) •**1.3:** इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप - ग्रेटर नौएडा (आईआईटी-जीएन), (747.5 एकड़), (उत्तर प्रदेश, डीएमआईसी) •**1.4:** इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप - विक्रम उद्योगपुरी (आईआईटी - वीयू), (1,100 एकड़), (मध्य प्रदेश, डीएमआईसी) •**1.5:** इंटीग्रेटेड मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब - नांगल चौधरी (आईएमएलएच-एनसी), (886 एकड़) (हरियाणा, डीएमआईसी)

चरण 2 (योजना के उन्नत चरण में जिनका क्रियान्वयन 2021 तक शुरू किया जाएगा और 2024 तक पूरा होने की संभावना है)
•**2.1:**कृष्णापट्नम इंडस्ट्रियल एरिया (2,500 एकड़) (आंध्र प्रदेश, सीबीआईसी) •**2.2:** तुमकुरु इंडस्ट्रियल एरिया (1,736 एकड़) (कर्नाटक, सीबीआईसी) •**2.3:** मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब एवं मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमएलएच एवं एमएमटीएच) (1,208 एकड़), (उत्तर प्रदेश, डीएमआईसी) •**2.4:** दीघी पोर्ट इंडस्ट्रियल एरिया (5,935 एकड़) (महाराष्ट्र, डीएमआईसी) •**2.5:** मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क, सानंद (500 एकड़) (गुजरात, डीएमआईसी) •**2.6:**जहीराबाद चरण 1 (3,909 एकड़) (तेलंगाना, एचएनआईसी) •**2.7:** हैदराबाद, चरण 1 (8,000 एकड़) (तेलंगाना, एचडब्ल्यूआईसी) •**2.8:** रघुनाथपुर इंडस्ट्रियल पार्क (2,483 एकड़) (पश्चिम बंगाल, एकेआईसी)

चरण 3 (विकासाधीन और जिनका क्रियान्वयन 2023 तक शुरू किया जाएगा एवं 2026 तक पूरा होने की संभावना है)
•**3.1:** पोन्नेरी इंडस्ट्रियल एरिया (4,000 एकड़) (तमिलनाडु, सीबीआईसी) •**3.2:** पालक्कड इंडस्ट्रियल एरिया (1,878 एकड़) (केरल, सीबीआईसी एक्सटेंशन) •**3.3:** धरमपुरी सेलम (1,773 एकड़) (तमिलनाडु, सीबीआईसी एक्सटेंशन) •**3.4:** हिसार इंटीग्रेटेड मेन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) (1,605 एकड़), (हरियाणा, एकेआईसी) •**3.5:** कोपार्थी इंडस्ट्रियल एरिया (5,760 एकड़) (आंध्र प्रदेश, वीसीआईसी) •**3.6:** विशाखापट्नम इंडस्ट्रियल एरिया (3,196 एकड़) (आंध्र प्रदेश, वीसीआईसी) •**3.7:** चित्तूर इंडस्ट्रियल एरिया (8,967 एकड़) (आंध्र प्रदेश, वीसीआईसी) •**3.8:** खुरपिया इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) (1,002 एकड़), (उत्तराखंड, एकेआईसी) •**3.9:** जोधपुर पाली मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया (6,570 एकड़), (राजस्थान, डीएमआईसी)

चरण 4 (अवधारणा के तहत जिनका क्रियान्वयन 2024 तक शुरू किया जाएगा और 2027 तक पूरा किए जाने की संभावना है)
•**4.1:** धारवाड़ नोड (6,042 एकड़) (कर्नाटक, बीएमआईसी) •**4.2:** सतारा नोड (12,355 एकड़) (महाराष्ट्र,बीएमआईसी) •**4.3:** राजपुरा पटियाला आईएमसी (1,100 एकड़) (पंजाब, एकेआईसी) •**4.4:** आगरा आईएमसी (1,059 एकड़) (उत्तर प्रदेश, एकेआईसी) •**4.5:** एकेआईसी के अंतर्गत झारखंड में आईएमसी •**4.6:** एकेआईसी के अंतर्गत बिहार के गया में आईएमसी (1,670 एकड़) •**4.7:** ओडिशा इकोनोमिक कोरिडोर (ओईसी) (11,366 एकड़) • पारादीप-केंद्रपाड़ा-धमा-सुबर्नरेखा •गोपालपुर-भुवनेश्वर-कलिंगनगर •**4.8:** ओरवकल इंडस्ट्रियल एरिया (9,305 एकड़) (आंध्र प्रदेश, एचबीआईसी) •**4.9:** खुशखेड़ा भिवाड़ी नीमराणा इंडस्ट्रियल एरिया (1,625 एकड़) (राजस्थान, डीएमआईसी) •**4.10:** दिल्ली नागपुर इंडस्ट्रियल कोरिडोर (डीएनआईसी)

ट्रस्ट/सीसीईए द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं सहित विभिन्न नोड/आईएमसी की स्थिति निम्नानुसार है:

<u>दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कोरिडोर (डीएमआईसी) प्रोजेक्ट</u>

1. <u>गुजरात</u>

<u>धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (डीएसआईआर):</u>

- विभिन्न महत्वपूर्ण अवसंरचना के लिए प्रारंभिक इंजीनियरिंग कार्य पूरे हो गए है;
- सभी अनुप्रवाह गतिविधियों को समन्वित कर प्रोग्राम मैनेजर कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियां कर रहे हैं;
- "धोलेरा इंडस्ट्रियल सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड" नामक एसपीवी निगमित की गई है। राज्य सरकार ने एसपीवी को 48.31 वर्ग किमी भूमि अंतरित की है और नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) द्वारा इसके 49 प्रतिशत इक्विटी शेयर के लिए 2,784.83 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी जारी कर दी गई है;

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन के लिए पर्यावरण संबंधी स्वीकृति प्रदान कर दी है;
- आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने धौलेरा के सक्रियण क्षेत्र के लिए विभिन्न ट्रंक अवसंरचना घटकों के लिए पांच पैकेजों में बंटे निविदा पैकेज को अनुमोदित किया है, जिनमें से प्रत्येक की स्थिति निम्नानुसार है:

  - सड़क और सेवा अनुबंध (1734 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एलएंडटी चुना गया बोलीदाता है; संशोधित परियोजना लागत 1,798.49 करोड़ रुपए; मार्च, 2022 तक भौतिक प्रगति - 92%;
  - एबीसीडी बिल्डिंग अनुबंध (72.31 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। क्यूब कन्सट्रक्शन इंजीनियरिंग लिमिटेड चुना गया बोलीदाता है और कार्य अप्रैल, 2019 में पूरा हो गया है;
  - जल शोधन संयंत्र अनुबंध (90 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एसपीएमएल चुना गया बोलीदाता है और मार्च, 2021 तक भौतिक प्रगति – 30.00%; ठेका रद्द कर दिया गया और एमएसकेईएल को प्रदान किया गया। मार्च, 2022 तक कार्य की भौतिक प्रगति 17%
  - मलजल उपचार संयंत्र अनुबंध (54 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एलएंडटी चुना गया बोलीदाता है और मार्च, 2022 तक भौतिक प्रगति – 83%;
  - सेंट्रल एफ्फलुएंट ट्रीटमेंट प्लांट अनुबंध(160 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एलएंडटी चुना गया बोलीदाता है और मार्च, 2022 तक भौतिक प्रगति – 75%;

- मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर (एमएसआई) नियुक्त किया गया है, टेक महिंद्रा लि. के साथ संयुक्त उपक्रम में डी.आर. अग्रवाल इंफ्राकॉन प्रा. लि. चयनित एजेंसी है। मार्च, 2022 तक कार्य की भौतिक प्रगति- 80 प्रतिशत;
- भूमि भराव, निर्माण, एमईपी और लैंडस्केपिंग सहित केनाल फ्रंट विकसित करने के लिए ईपीसी (41.42 करोड़ रूपए) दे दिया गया है। पी आर पटेल एंड कं. ईपीसी कांट्रेक्टर है; जनवरी, 2022 में कार्य पूरा हो गया है।
- भूमि आबंटन नीति को अंतिम रूप दिया गया है और 244 एकड़ माप वाले 04 प्लॉट टाटा केमिकल्स (प्रमुख निवेशक के रूप में 126 एकड़), टोरेंट पॉवर (15 एकड़), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कोरपोरेशन लिमिटेड (3 एकड़) और रिन्यू पॉवर लिमिटेड (100 एकड़) को आबंटित किए गए हैं;

- अन्य अवसंरचना/विविध कार्यः
  - पीपली से 10 एमएलडी अल्पकालीन जलापूर्ति कार्य का निर्माण एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य अप्रैल, 2021 में कार्य पूरा हो गया है।
  - फेड्रा से डीएसआईआर एक्टिवेशन एरिया तक ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण, कमीशनिंग और चार्जिंग के लिए गुजरात एनर्जी ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (जीईटीसीओ) द्वारा ठेकेदार नियुक्त किया गया है । कार्य के जून, 2022 तक पूरा होने की आशा है।
  - तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) में प्रस्तावित 1000 मेगावाट सौर पार्क (गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) द्वारा जारी निविदा) में से 300 मेगावाट टाटा पावर लिमिटेड को प्रदान की गई। संयंत्र स्थापित करने का कार्य पूरा हो गया है और मई, 2022 तक चालू होने की संभावना है।
  - निम्न निर्माण कार्यों के लिए निविदाएं प्रदान की गई है:
    - सक्रियण क्षेत्र में 5.96 किमी लंबी साइड स्लोप स्टोर्म वाटर ड्रैनेज कैनाल का संवर्धन- मैसर्स एलसीसी प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. L1 सबसे कम बोली लगाने वाला था, बहरहाल, वर्क फ्रंट की अनुपलब्धता के कारण मैसर्स एलसीसी प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. को नियुक्ति पत्र जारी नहीं किया गया।
    - सक्रियण क्षेत्र (चरण-I) में 162 हेक्टेयर के चयनित भूखंडों में भूमि संबंधी कार्य। मोंटेकार्लो लिमिटेड को परियोजना (86.05 करोड़ रुपये) प्रदान की गई; मार्च 2022 तक की भौतिक प्रगति - 70%
    - विविध निर्माण कार्यों (7 निर्माण परियोजनाओं) के पर्यवेक्षण के लिए नियोक्ता इंजीनियर की परामर्शी सेवाएं - वर्तमान में परामर्शी संविदा कार्यान्वित की जा रही है।
    - डीएसआईआर में विलवणीकरण संयंत्र की स्थापना के लिए तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन करने के लिए परामर्शी सेवाएं - परामर्शी संविदा मैसर्स फिचनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को प्रदान की गई थी। मार्च 2022 तक किए गए काम की भौतिक प्रगति लगभग 63% है। इस परियोजना के जून 2022 तक पूरा होने की संभावना है।
    - आधिया नदी पुश्ते का निर्माण- अधिया नदी पुश्ते के चरण-I में 3.5 किमी लंबाई के लिए निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। आधिया नदी पुश्ते के चरण-II का निर्माण कार्य 21.25 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर मैसर्स केईसीएल को सौंपा गया है। केईसीएल ने कार्य शुरू कर दिया है और वर्तमान में खनन की अनुमति की प्रतीक्षा की जा रही है। परियोजना के जून 2023 तक पूरा होने की संभावना है।

- डीएसआईआर में एसपीवी भवन के आंतरिक कार्यों का निर्माण- परियोजना का भौतिक कार्य पूरा हो गया है।
- सक्रियण क्षेत्र में चयनित भूखंडों की मिट्टी भराई - सक्रियण क्षेत्र के चरण II में चयनित भूखंडों पर मिट्टी भरने का काम नवंबर 2021 में मैसर्स केएसआईपीएल को 175.60 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से दिया गया था। ठेकेदार ने स्थल सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया है और दिए गए स्थल पर मिट्टी भरने का कार्य शुरू कर दिया है।

<u>सानंद, गुजरात में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी):</u>

- परियोजना परामर्शदाताओं द्वारा तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन को अंतिम रूप दिया जा रहा है;
- एमएमएलपी साइट तक सर्वोत्तम रेल संपर्कता विकल्प को अंतिम रूप देने के लिए पश्चिम रेलवे और डीएफसीसीआईएल के साथ चर्चा जारी है;
- एनआईसीडीआईटी ने 30 अगस्त, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में जीआईडीसी द्वारा गुजरात सरकार और एनआईसीडीआईटी के बीच एसएचए क्रियान्वित करने की मंजूरी दे दी है जिसे राज्य सरकार से भूमि मूल्यांकन प्राप्त होने के बाद निष्पादित किया जाएगा।
- मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
- नवंबर, 2020 में गुजरात सरकार ने सानंद में एमएमएलपी परियोजना के लिए 199 हेक्टेयर की उपलब्धता की पुष्टि की थी
- राज्य सरकार द्वारा 1 जनवरी और 17 फरवरी, 2021 को भूमि का अस्थायी मूल्यांकन सूचित किया गया है जिसके आधार पर परियोजना की व्यवहार्यता का आंकलन किया गया है।
- मार्च, 2021 में परियोजना की व्यवहार्यता और परियोजना क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र में इसी तरह की सुविधा के विकास पर विचार करते हुए परियोजना की प्राथमिकता की पुष्टि करने के अनुरोध हेतु राज्य सरकार को एक पत्र भेजा गया है।
- जून, 2021 में तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट राज्य सरकार के साथ साझा की गई। इस परियोजना में आगे बढ़ने के लिए राज्य सरकार की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा की जा रही है।
- राज्य सरकार की सलाह पर और इस तथ्य पर विचार करते हुए कि उच्च भूमि लागत के कारण परियोजना वित्तीय रूप से व्यवहार्य नहीं है और स्थल के आस-पास एक निजी भागीदार द्वारा बड़े पैमाने पर एमएमएलपी के प्रस्तावित विकास के कारण, परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है।

गुजरात में अहमदाबाद और धौलेरा के बीच एमआरटीएस:

- परियोजना की डीपीआर वर्ष 2014-15 में मैसर्स राइट्स द्वारा तैयार की गई थी और इसे 2016 में गुजरात राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था तथा परियोजना को डीएमआईसी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लिए जेआईसीए रोलिंग प्लान में शामिल किया गया था।
- एनएचएआई द्वारा अहमदाबाद और धोलेरा के बीच 110 किमी लंबा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे विकसित किया जा रहा है। एनएचएआई द्वारा एमआरटीएस परियोजना के लिए 110 किमी की लंबाई में एक्सप्रेसवे संरेखण के साथ-साथ 30 मीटर मार्ग-अधिकार का अधिग्रहण किया गया है।
- डीआईसीडीएल ने भारत सरकार द्वारा प्रकाशित मेट्रो रेल नीति, 2017 के अनुसार डीपीआर में संशोधन के लिए एनआईसीडीसी से अनुरोध किया है।
- 04.06.2021 को डीईए (एमओएफ) के साथ आयोजित बैठक के दौरान, एनआईसीडीसी से जेआईसीए स्पेशल रोलिंग प्लान में परियोजना को बनाए रखने के औचित्य के साथ एक एक्शन प्लान प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। तदनुसार, एक्शन प्लान को डीपीआईआईटी के माध्यम से डीईए (एमओएफ) को जेआईसीए के विशेष रोलिंग प्लान के तहत परियोजना को बनाए रखने के अनुरोध के साथ प्रस्तुत किया गया था, जिस पर अंतिम निर्णय एमओएफ द्वारा सूचित किया जाना बाकी है।

धोलेरा, गुजरात में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट:

- नागरिक उड्यन मंत्रालय ने परियोजना के लिए "सैद्धांतिक" स्वीकृति दे दी है;
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरण संबंधी स्वीकृति प्राप्त हो गई है।
- भारतीय विमानपतन प्राधिकरण (एएआई), गुजरात सरकार (जीओजी), एनआईसीडीआईटी और धोलेरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी लिमिटेड के बीच 25.03.2019 को शेयर सदस्यता अनुबंध सह शेयर धारक अनुबंध निष्पादित किया गया है, जिसमें एएआई, जीओजी और एनआईसीडीआईटी ने परियोजना कंपनी में क्रमशः 51:33:16 इक्विटी ली है;
- एनआईसीडीआईटी ने इक्विटी (16 प्रतिशत) के रूप में 24.24 करोड़ रुपए जारी किए है;
- एएआई ने 25 फरवरी, 2021 को धोलैरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रथम चरण के निर्माण के लिए ईपीसी निविदा जारी कर दी है।
- 1,305 करोड़ रुपये की अनुमानित परियोजना लागत के साथ धोलेरा ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा चरण-I के विकास के प्रस्ताव को 60:40 के ऋण इक्विटी मिश्रण द्वारा वित्तपोषित किया जाना

है, जिसमें एनआईसीडीआईटी की इक्विटी (16%) का हिस्सा 83.52 करोड़ रुपये है और इसे सीसीईए के अनुमोदन के लिए दिसंबर, 2021 में पीआईबी द्वारा विचार और अनुशंसित किया गया है।

<u>भीमनाथ धोलेरा रेल लाइन प्रोजेक्ट:</u>

- रेलवे बोर्ड ने भागीदारी मॉडल 2012 की भारतीय रेल नीति के अनुसार गैर-सरकारी रेलवे (एनजीआर) मॉडल के तहत लागू की जाने वाली भीमनाथ-धोलेरा के बीच नई रेल लाइन विकसित किए जाने के लिए 17/01/2014 को सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया।
- डीआईसीडीएल ने परियोजना के लिए डीपीआर तैयार करने हेतु परामर्शदाता नियुक्त किया और परामर्शदाता ने 2019-2020 में पश्चिम रेलवे के अनुमोदन के लिए डीपीआर प्रस्तुत की। इस अवधि के दौरान पश्चिम रेलवे से टिप्पणियां प्राप्त करने के बाद संशोधनों को डीपीआर में शामिल किया गया है।
- पश्चिम रेलवे ने 28/07/2021 को परियोजना डीपीआर को मंजूरी दी। बड़े आमान की लाइन की अनुमोदित लंबाई 24.418 किमी है।
- डीएसआईआरडीए द्वारा भूमि अधिग्रहण का ब्यौरा अहमदाबाद और बोटाड के जिला मजिस्ट्रेट को प्रस्तुत किया गया हैं और भूमि तथा वन क्षेत्र संबंधी मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया अग्रिम चरण में है। डीएसआईआर क्षेत्र के भीतर की भूमि का अधिग्रहण डीएसआईआरडीए द्वारा टाउन प्लानिंग स्कीम प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है।
- डीआईसीडीएल ने परियोजना के कार्यान्वयन के लिए गुजरात रेल अवसंरचना विकास लिमिटेड (जी-राइड) को पीएमसी (परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता) के रूप में नियुक्त किया है। जी-राइड गुजरात सरकार और भारतीय रेल का एक संयुक्त उद्यम एसपीवी है।
- डीपीआर अनुमोदन के पश्चात् परामर्शदाता ने समीक्षा के लिए जी-राइड को निविदा दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं और निविदा दस्तावेजों को अंतिम रूप देने के बाद जी-राइड ने ईपीसी मोड पर 14.5 किमी रेल लाइन के निर्माण के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। बोलियां प्राप्त हो चुकी हैं और वर्तमान में तकनीकी मूल्यांकन चरण में हैं।
- शेष 9.918 किमी के लिए बोली दस्तावेजों की समीक्षा की जा रही है और बोली दस्तावेजों को अंतिम रूप देने पर बोलियां आमंत्रित की जाएंगी।
- डीआईसीडीएल ने परियोजना के कार्यान्वयन के लिए एसपीवी के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसपीवी का गठन डीएसआईआरडीए और एनआईसीडीआईटी के बीच किया जाएगा।

- इस परियोजना को सितंबर, 2021 में एनआईसीडीआईटी द्वारा 411.34 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ अनुमोदित किया जा चुका है, जिसमें एनआईसीडीआईटी के 205.67 करोड़ रुपये के इक्विटी योगदान का हिस्सा (50%) है।
- माननीय सीआईएम का अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

मंडल बेचाराजी स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (एमबीएसआईआर)

- एनआईसीडीआईटी ने दिनांक 14.07.2021 की अपनी बैठक में डीएमआईसी के अंतर्गत गुजरात में दूसरे नोड के रूप में मंडल बेचाराजी स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन को शामिल करने को सहमति प्रदान की।
- राज्य सरकार द्वारा भूमि ब्योरों की पुष्टि के बाद परियोजना विकास संबंधी गतिविधियां शुरू की जाएंगी।

2. महाराष्ट्र

शेंद्रा बिड़किन इंडस्ट्रियल एरिया (एसबीआईए):

- एसबीआईए (8.39 वर्ग किमी) के चरण-1 के लिए प्रारंभिक इंजीनियरिंग कार्य पूरे हो गए है;
- सभी अनुप्रवाह गतिविधियों को समन्वित कर प्रोग्राम मैनेजर कार्यान्वयन संबंधित गतिविधियां कर रहे हैं;
- "औरंगाबाद इंडस्ट्रियल टाऊनशिप लिमिटेड" (एआईटीएल) नामक नोड/सिटी लेवल एसपीवी को निगमित किया गया है। राज्य सरकार ने एसपीवी को 8.39 वर्ग किमी भूमि अंतरित कर दी है और एनआईसीडीआईटी (पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी ट्रस्ट)) द्वारा 602.80 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी भी जारी कर दी गई है;
- शेन्द्रा-बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पर्यावरण स्वीकृति दे दी गई है;
- शेन्द्रा इंडस्ट्रियल एरिया के लिए आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने 1533.44 करोड़ रुपए वाले विभिन्न अवसंरचना घटकों के लिए निविदा पैकेज को अनुमोदित किया है। विभिन्न पैकेजों में से प्रत्येक की स्थिति निम्नानुसार है:-
  - सड़क, नालियों, पुलियों, जल आपूर्ति, मलजल एवं उर्जा प्रणाली के लिए ईपीसी दे दिया गया है (656.89 करोड़ रुपए)। शापूरजी पल्लोनजी चुने गए ठेकेदार है। मार्च 2019 में

213.55 करोड़ रुपए के अतिरिक्त कार्यों का आवंटन किया गया है। मार्च, 2022 तक भौतिक प्रगति - 99%;

- ऊपरी सड़क पुल निर्माण के लिए ईपीसी (69.45 करोड़ रुपए) दे दिया गया है। पाटिल कन्सट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड चुने गए ठेकेदार है। पीएमएनसी ने 12 फरवरी, 2021 को एआईटीएल को ऊपरी सड़क पुल (आरओबी-I) के अंतिम समापन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अनुशंसा की है। एआईटीएल को ठेकेदारों को अनंतिम समापन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए पीएमएनसी को अनुमोदन देना है। आरओबी-II में रेलवे के खंभे वाले हिस्से को छोड़कर सभी कार्य पूरे हो गए हैं। मार्च, 2022 तक कार्य की भौतिक प्रगति - 97%;
- जिला प्रशासन भवन के लिए ईपीसी (129 करोड़ रुपए) दे दिया गया है। शापूरजी पल्लोनजी चुने गए ठेकेदार है। कार्य पूरा हो गया है और भवन उपयोग किया जा रहा है;
- मलजल उपचार संयंत्र (एसटीपी), सामान्य एफ्फुलेएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) एवं ठोस कचरा प्रबंधन के लिए ईपीसी (72.52 करोड़ रुपए) दे दिया गया है। पस्सवंट एनर्जी लिमिटेड चुने गए ठेकेदार है। एक सीईटीपी कार्य कर रहा है और यह 15 अप्रैल, 2020 से परिचालन में है। प्रमुख कार्य पूरे हो गए है और अन्य छोटे-मोटे कार्य प्रगति पर है। एसटीपी को चालू करने के लिए घरेलू बहिर्प्रवाह की आवश्यकता है। समापन पर जांच सफलतापूर्वक की जा चुकी है और प्रत्येक उपकरण की निजी रूप में जांच हुई लेकिन सिस्टम की जांच नहीं की जा सकी क्योंकि एमबीआर संस्थापित नहीं था। मार्च, 2022 तक भौतिक प्रगति - 94.00%;
- आईसीटी मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर (एमएसआई) कार्यों हेतु ईपीसी (142 करोड़ रुपए) दे दिया गया है। हनीवेल चुने गए ठेकेदार है। टेस्टिंग और कमीशनिंग सहित कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर कार्य पूरे हो गए हैं। ईएमएस एवं एनएमएस की अंतिम जांच प्रगति पर है। औरिक कंट्रोल सेंटर हैंडओवर डॉक्यूमेंटेशन पूरा कर दिया है। मार्च, 2022 तक कार्य की भौतिक प्रगति 93%;

- भूमि आबंटन नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है और शेन्द्रा इंडस्ट्रियल एरिया में 339 एकड़ माप के 152 प्लॉट् (38 वाणिज्यिक और आवासीय प्लॉट सहित) आबंटित किए गए हैं जिसमें शेन्द्रा इंडस्ट्रियल एरिया में प्रथम प्रमुख निवेशक दक्षिण कोरिया की ह्योसंग कॉरपोरेशन (100 एकड़) है। अन्य प्लॉट प्रमुखतः लघु और मध्यम उपक्रमों को आबंटित किए गए हैं। 12 कंपनियों ने शेंद्रा इंडस्ट्रियल एरिया में अपना वाणिज्यिक परिचालन शुरु कर दिया है;

- बिडकिन के लिए परियोजना विकासात्मक गतिविधियां की जा रही है और 6414.21 करोड़ रुपए कीमत वाले महत्वपूर्ण अवसंरचना पैकेजों को नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) [पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी ट्रस्ट)] और बाद में आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) द्वारा अनुमोदन दे दिया गया है;
- राज्य सरकार ने बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया के लिए प्रोजेक्ट एसपीवी को 28.75 वर्ग किमी भूमि अंतरित की है और 2397.20 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी जारी हो गई है;
- इसके अतिरिक्त, विभिन्न पैकेजों में से प्रत्येक की स्थिति निम्नानुसार है:
  - एलएंडटी को बिडकिन के चरण-I अर्थात 10 वर्ग किमी में एसटीपी एवं सीईटीपी सहित सड़क, भूमिगत सुविधाओं/सेवाओं के लिए ईपीसी ठेकेदार (1223 करोड़ रुपए) नियुक्त किया गया है। पीएमएनसी ने दिनांक 18 अगस्त, 2021 को एलएंडटी को अनंतिम समापन प्रमाणपत्र जारी कर दिया है। मार्च, 2022 तक भौतिक प्रगति - 100%;
  - आईसीटी मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर (एमएसआई) कार्य (81.91 करोड़ रुपए) के लिए केईसी इंटरनेशनल चुनी गई एजेंसी है। मार्च, 2022 तक भौतिक प्रगति - 97%
  - खोडेगांव डब्ल्यूटीपी से बिडकिन यूजीएसआर तक पाइपलाइन (38 करोड़) हेतु एलएंडटी चुनी गई एजेंसी है। पीएमएनसी ने दिनांक 18 अगस्त, 2021 को एलएंडटी को अनंतिम समापन प्रमाणपत्र जारी कर दिया है। मार्च, 2022 तक कार्य की भौतिक प्रगति - 100%.

<u>दीघी पोर्ट इंडस्ट्रियल एरिया, महाराष्ट्र:</u>

- एजिस इंडिया को विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियां करने हेतु नियुक्त किया गया है। परामर्शदाता ने एसपीवी द्वारा समीक्षा और अनुमोदन हेतु 3,500 हेक्टेयर भूमि के लिए फाइनल मास्टर प्लान प्रस्तुत कर दिया है।
- नवंबर, 2020 को राज्य सरकार ने इंडस्ट्रियल कोरिडोर प्रोगाम के अंतर्गत विकास के लिए 2,402 हेक्टेयर भूमि उपलब्धता की पुष्टि की है।
- भूखंडों के लिए विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरी कार्य किए जा रहे हैं।
- मार्च, 2022 में राज्य सरकार ने सूचित किया कि लगभग 1,098 हेक्टेयर भूखंडों पर चरण-I के विकास संबंधी कार्य शुरु किए जा सकते हैं।

3. मध्य प्रदेश

इंटीग्रेटिड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप 'विक्रम उद्योगपुरी' प्रोजेक्ट, उज्जैन:

- नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) और मध्य प्रदेश ट्रेड एंड इंवेस्टमेंट फेसिलिटेशन कोरपोरेशन लिमिटेड (एमपीटीआरआईएफएसी) एवं एमपी औद्योगिक केंद्र विकास निगम (एमपीएकेवीएन) के बीच शेयर खरीद सह शेयरहोल्डर एग्रीमेंट निष्पादित किया गया है। 'डीएमआईसी विक्रम उद्योगपुरी लिमिटेड' नामक एसपीवी निगमित की गई है;
- प्रोजेक्ट एसपीवी को 1100 एकड़ भूमि अंतरित की गई है और नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) द्वारा 55.93 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी जारी की गई है;
- एसपीवी को एनआईसीडीआईटी द्वारा 260.54 करोड़ रूपए की ऋण राशि भी जारी की गई है।
- परियोजना के लिए पर्यावरण स्वीकृति पहले ही प्राप्त की जा चुकी है।
- प्रोजेक्ट की जल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नर्मदा वैली डेवलपमेंट ऑथोरिटी (एनवीडीए) और विक्रम उद्योगपुरी लिमिटेड के बीच उज्जियनी से उज्जैन के इंडस्ट्रियल एरिया विक्रम उद्योगपुरी लिमिटेड तक पाइप से जल आपूर्ति के लिए समझौता निष्पादित किया गया है;
- प्रोग्राम मैनेजमेंट कन्सलटेंट के रूप में एईकॉम निर्माण संबंधी गतिविधियों का पर्यवेक्षण कर रही है;
- ईपीसी ठेकेदार को महत्वपूर्ण अवसंरचना विकसित करने संबंधी दिए गए कार्य जुलाई, 2021 में पूरे हो गए हैं और औद्योगिक क्षेत्र का परिचालन तथा अनुरक्षण कार्य प्रगति पर है।
- भारत सरकार ने 749.10 करोड़ रुपए के विभिन्न अवसंरचना घटकों हेतु निविदा पैकेजों को अनुमोदन प्रदान कर दिया है। दिसंबर, 2020 में प्रमुख ट्रंक अवसंरचना कार्य पूरे हो गए हैं।
- भूमि आवंटन नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है और 110 एकड़ माप के 11 प्लॉट (अमूल को आबंटित 12 एकड़ सहित) आवंटित कर दिए गए है;
- भारत सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र वीयूएल, उज्जैन में चिकित्सा उपकरण पार्क के विकास के लिए दिनांक 10.02.2022 के अपने पत्र संख्या 31026/173/2021-एमडी के माध्यम से अंतिम अनुमोदन प्रदान कर दिया है और इसे लगभग 360 एकड़ क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा।

- राज्य पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (एसईआईएए), मध्य प्रदेश ने 24 फरवरी, 2022 को आयोजित एसईआईएए की 708वीं बैठक में सीईटीपी (1 एमएलडी) की स्थापना के लिए टीओआर प्रस्ताव को अनुमोदित किया है।

4. <u>हरियाणा</u>

<u>नांगल चौधरी में इंटिग्रेटिड मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब (आईएमएलएच):</u>

- महेंद्रगढ़ जिले में परियोजना के लिए लगभग 886 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है;
- नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) और हरियाणा राज्य सरकार के बीच "एनआईसीडीसी हरियाणा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब प्रोजेक्ट लिमिटेड" नामक एसपीवी निगमित की गई है;
- प्रोजेक्ट के लिए मास्टर प्लानिंग पूरी हो गई है और राज्य सरकार द्वारा अनुमोदन प्राप्त किया गया है;
- सीसीईए ने चरण-I विकसित करने के लिए 1029.49 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति और परियोजना के चरण-II को विकसित किए जाने की "सैद्धांतिक" सहमति के साथ प्रोजेक्ट को अनुमोदित कर दिया है;
- राज्य सरकार ने कुल भूमि में से 686 एकड़ भूमि अंतरित कर दी है और एनआईसीडीआईटी द्वारा 208.05 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी (5 करोड़ रुपए की प्रारंभिक इक्विटी सहित) जारी कर दी गई है;
- शेष भूमि में से लगभग 158 एकड़ भूमि पर मुकदमा चल रहा है और मामला माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। राज्य सरकार से इसे जल्द से जल्द सुलझाने का अनुरोध किया गया है। सुनवाई की अगली तिथि 27 सितंबर, 2022 है।
- राज्य पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण (एसईआईएए), हरियाणा ने 11 सितंबर, 2019 के पत्र के माध्यम से परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान की थी।
- रेल मंत्रालय (एमओआर) ने रेल अधिनियम के तहत 25 एकड़ अतिरिक्त भूमि के अधिग्रहण को अपनी स्वीकृति प्रदान की थी। इस भूमि के अधिग्रहण को सुविधाजनक बनाने के लिए, 22 दिसंबर, 2020 को रेल मंत्रालय, डीपीआईआईटी, एचएसआईआईडीसी के माध्यम से हरियाणा सरकार, एनआईसीडीसी हरियाणा मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब प्रोजेक्ट लिमिटेड (प्रोजेक्ट एसपीवी) और एनआईसीडीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया है।

- इंडियन पोर्ट रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईपीआरसीएल) को परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने और परियोजना के रेलवे कनेक्टिविटी कार्यों के लिए पीएमसी तैयार करने के लिए भी परामर्श कार्य हेतु नियुक्त किया गया है। रेल साइडिंग के लिए डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं।
- मौजूदा न्यू डाबला स्टेशन में यार्ड संशोधन सहित न्यू डाबला डीएफसीसीआईएल स्टेशन से एकीकृत मोडल लॉजिस्टिक हब (आईएमएलएच), नांगल चौधरी तक रेल कनेक्टिविटी के निर्माण के लिए ईपीसी निविदा दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं और जल्द ही जारी किए जाने की संभावना है।
- जल, बिजली एवं सड़क से संबंधित बाहरी संपर्कता कार्यों के लिए राज्य सरकार की एजेंसियों ने निक्षेप आधार पर कार्य शुरु कर दिए हैं।
- रेल संपर्कता के लिए डीपीआर पर सितंबर, 2021 में डीएफसीसीआईएल द्वारा अनुमोदन दे दिया गया है;
- निक्षेप आधार पर परियोजना स्थल तक बाह्य रेल संपर्क से संबंधित कार्यों के लिए डीएफसीसीआईएल के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया है।
- राज्य सरकार के साथ डीएफसीसीआईएल द्वारा शुरू किए गए न्यू डाबला स्टेशन से बाहरी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए रेलवे अधिनियम के तहत अधिग्रहित की जाने वाली 23.688 एकड़ भूमि के लिए 28.10.2021 को 20ई अधिसूचना प्रकाशित की गई।
- आंतरिक रेल साइडिंग के लिए निविदा तैयार करने का कार्य चल रहा है।

5. <u>उत्तर प्रदेश</u>

<u>ग्रेटर नोएडा में इंटीग्रेटिड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप प्रोजेक्ट:</u>

- प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियां पूरी हो चुकी है और एनआईसीडीआईटी एवं ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएनआईडीए) के बीच "डीएमआईसी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड" नामक एसपीवी निगमित की गई है;
- प्रोजेक्ट एसपीवी को 747.5 एकड़ भूमि अंतरित की गई है और नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) द्वारा 617.20 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी जारी की गई है;
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पर्यावरण स्वीकृति दे दी गई है;
- आईसीटी परामर्शदाता नियुक्त किया गया है और मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर (एमएसआई) के चयन हेतु निविदा दस्तावेज जारी कर दिए गए है;

- शापूरजी पल्लोंजी को 426 करोड़ रुपए के विभिन्न प्रमुख अवसरंचना घटकों को कार्यान्वित करने के लिए ईपीसी कांट्रेक्टर नियुक्त किया गया है। मार्च, 2021 तक प्रमुख कार्य पूरे हो चुके हैं तथा परिष्करण कार्य जारी है।
- जनवरी, 2018 में सीमंस को 121 करोड़ रुपए की लागत पर साइट भीतर उर्जा वितरण कार्य करने के लिए ईपीसी ठेकेदार नियुक्त किया गया है;
- भारत सरकार ने 1097.5 करोड़ रुपए के विभिन्न अवसंरचना घटकों के लिए निविदा पैकेजों को अनुमोदन दे दिया है। प्रमुख ट्रंक अवसंरचना कार्य दिसंबर, 2020 में पूरे कर लिए गए हैं।
- 06 उद्योगों को 158 एकड़ भूमि आबंटित की गई है और प्रमुख निवेशक के रूप में हैयर ने 123 एकड़ भूमि के साथ वाणिज्यिक गतिविधियां भी शुरू कर दिया हैं। अन्य 2 कंपनियों द्वारा भी निर्माण गतिविधियां शुरू कर दी गई है।

<u>ग्रेटर नोएडा के दादरी में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) और बोरकी में मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच):</u>

- सीसीईए द्वारा 30 दिसंबर, 2020 को परियोजना को मंजूरी दे दी गई है।
- एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप परियोजना की एसपीवी एमएमएलएच और एमएमटीएच परियोजना को भी कार्यान्वित करेगी;
- डीएफसीसीआईएल ने प्रोजेक्ट साईट को सम्पर्कता मुहैया कराने के लिए "सैद्धांतिक" सहमति प्रदान कर दी है;
- बोराकी में एमएमटीएच विकसित करने के लिए रेल मंत्रालय और एसपीवी के बीच समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया है;
- एमएमएलएच और एमएमटीएच के लिए आवश्यक 479 हेक्टेयर भूमि क्षेत्र में से 369 हेक्टेयर भूमि पहले से ही कब्जे में है और एलएआरआर अधिनियम के तहत राज्य सरकार/जीएनआईडीए द्वारा लगभग 84 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है जिसके लिए धारा 11 अधिसूचना जारी की गई है।
- एमएमएलएच परियोजना के मामले में, डब्ल्यूडीएफसी स्टेशन के साथ कनेक्टिविटी के लिए आवश्यक कुल भूमि में से लगभग 7.58 हेक्टेयर भूमि डीएफसीसीआईएल द्वारा रेलवे अधिनियम के तहत अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित है जिसके लिए अक्टूबर, 2021 में रेल अधिनियम की धारा 20(ए) के अंतर्गत अधिसूचना जारी की गई है।

- एमएमटीएच परियोजना के लिए, भारतीय रेल के साथ रेलवे कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए लगभग 16 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है और रेलवे यार्ड के विकास के लिए उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) द्वारा रेल अधिनियम के तहत भूमि अधिग्रहण करने का प्रस्ताव है।
- डीएफसीसीआईएल के दादरी जंक्शन स्टेशन से प्रस्तावित एमएमएलएच तक रेल फ्लाईओवर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने और निर्माण पर्यवेक्षण के लिए इंडियन पोर्ट रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईपीआरसीएल) को नियुक्त किया गया है।
- निक्षेप आधार पर बाहरी रेल संपर्कता के कार्यान्वयन गतिविधियों को शुरु करने के लिए अक्टूबर, 2021 डीएफसीसीआईएल से अनुमोदन प्राप्त हो गया है।
- एमएमएलएच/एमएमटीएच परियोजनाओं के लिए पर्यावरण मंजूरी हेतु टीओआर 19 मार्च, 2021 को प्राप्त हो गया है।
- एसईआईएए, उत्तर प्रदेश के दिनांक 19 मार्च, 2021 पत्र द्वारा परियोजना के टीओआर दिया गया।
- परियोजना एसपीवी को 227.48 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित की गई है और एनआईसीडीआईटी द्वारा 853.05 करोड़ रुपये की समतुल्य इक्विटी जारी की गई है।
- एमएमएलएच के लिए बाह्य रेल साइडिंग कनेक्टिविटी के लिए डीपीआर का प्रारूप तैयार कर लिया गया है और इसे मार्च 2022 में सहमति एवं अनुमोदन हेतु डीएफसीसीआईएल के साथ साझा किया गया है।
- अद्यतन ईएसपी सहित अंतिम एमएमटीएच प्रोजेक्ट रिपोर्ट टिप्पणियों/अनुमोदन हेतु उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) को प्रस्तुत की गई है।
- विभिन्न एजेंसियों के कार्यों में समन्वय हेतु एमएमटीएच प्रोजेक्ट के लिए सामान्य परामर्शदाता चयन हेतु निविदा दस्तावेज शीघ्र ही जारी किए जा रहे हैं।

6. राजस्थान

खुशखेड़ा भिवाड़ी नीमराणा इन्वेस्टमेंट रीजन, राजस्थानः

- राज्य सरकार ने अक्टूबर, 2020 को सूचित किया कि केबीएनआईआर की विकास योजना को स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (एसआईआर) के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- रीको (राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम) को क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के रूप में नियुक्त किया गया है
- अप्रैल, 2021 में 558 एकड़ क्षेत्र की विस्तृत मास्टर प्लानिंग तथा प्रारंभिक इंजीनियरिंग के लिए सलाहकार नियुक्त किया गया है।

जोधपुर पाली मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया (जेपीएमआईए) :

- राज्य सरकार ने अक्टूबर, 2020 को सूचित किया कि जेपीएमआईए की विकास योजना को स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन (एसआईआर) के रूप में अधिसूचित किया गया है।
- रीको (राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम) को क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के रूप में नियुक्त किया गया है।
- मार्च, 2021 में 2659 हेक्टेयर क्षेत्र को दो चरणों में विकसित करने के लिए विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरी संबंधी कार्यों हेतु परामर्शदाता नियुक्त किया गया है और इसके अतिरिक्त, निवेश शुरू करने के लिए राज्य सरकार के अनुरोध पर परियोजना को चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है;
- 1459 हेक्टेयर (चरण I) में से 720 हेक्टेयर भूमि राज्य सरकार के स्वामित्व में है।
- 14 जुलाई को एनआईसीडीआईटी द्वारा केबीएनआईआर एवं जेपीएमआईए के लिए एसएचए/एसएसए अनुमोदित किया गया और 29 सितंबर, 2021 को निष्पादित किया गया। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि मार्च, 2022 तक शेष भूमि अधिग्रहण पूरा हो जाएगा।
- केबीएनआईआर एवं जेपीएमआईए परियोजनाओं को लागू करने के लिए मार्च, 2022 में 'राजस्थान इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट कोरपोरेशन लिमिटेड' नामक एसपीवी निगमित की गई है।

स्मार्ट कम्यूनिटी प्रोजेक्ट:

क) मॉडल सोलर प्रोजेक्ट, नीमराणा, राजस्थान:

- एनआईसीडीसी नीमराना सोलर पावर लिमिटेड (एनएनएसपीएल) (जिसे पूर्व में डीएमआईसीडीसी नीमराना सोलर पावर कंपनी लिमिटेड-डीएनएसपीसीएल के नाम से जाना जाता था) एक विशेष प्रयोजन कंपनी है जिसे मार्च-2014 में एनआईसीडीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित किया गया था।
- कंपनी का मुख्य कार्य सौर ऊर्जा उत्पादन, विकास तथा संचय करना और ऐसी बिजली को प्रसारित, वितरित और आपूर्ति करना एवं नीमराना, राजस्थान में मॉडल सौर संयंत्रों को प्रोत्साहित, विकसित, शुरू करने, इंजीनियरिंग, निर्माण, पूर्ण, स्थापित, परिचालित, बनाए रखने, संवर्धन, आधुनिकीकरण और उन्नयन करना है, जिसमें एक संयंत्र 5 मेगावाट क्षमता वाला और दूसरा 1 मेगावाट क्षमता का है।

- सीसीईए के अनुमोदन के अनुसार, ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) की ओर से एनआईसीडीसी लिमिटेड के इक्विटी अंशदान के प्रति एनआईसीडीसी नीमराना सोलर पावर लिमिटेड (एनएनएसपीएल) को 13 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई थी।
- 05 मेगावाट सौर विद्युत परियोजना के लिए 05 जून, 2015 को एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएनएल) के साथ विद्युत खरीद करार (पीपीए) निष्पादित किया गया था।
- 23 जुलाई, 2015 को 5 मेगावाट सौर संयंत्र राज्य ग्रिड से जोड़ा गया और बाद में इसे 3 सितंबर, 2015 को चालू किया गया। विद्युत खरीद करार के अनुसार सहमत दर सूची पर राज्य ग्रिड (अर्थात 220केवी जीएसएस नीमराना) को विद्युत आपूर्ति की जा रही है।
- 1 मेगावाट मॉडल सौर ऊर्जा परियोजना की परिकल्पना भारत में पहली स्मार्ट माइक्रो-ग्रिड परियोजना के रूप में की गई है, जो औद्योगिक डीजल जनरेटर सेट के साथ सौर ऊर्जा के एकीकरण का प्रदर्शन करती है।
- जापान के एनईडीओ, वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन को अगस्त 2019 तक बढ़ा दिया गया था।
- 1 मेगावाट क्षमता की माइक्रो-ग्रिड सौर ऊर्जा आपूर्ति परियोजना को दो वर्षों की प्रदर्शन अवधि के दौरान 10 जुलाई 2017 को चालू किया गया था। ऑफ-ग्रिड हाइब्रिड बिजली की आपूर्ति मिकुनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को की गई थी और प्रदर्शन अवधि के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद 20.02.2020 को पीपीए को पारस्परिक सहमति से बंद कर दिया गया।
- एनआईसीडीसी नीमराना सोलर पावर लिमिटेड (जिसे पहले डीएमआईसीडीसी नीमराना सोलर पावर कंपनी लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) और टोयाडा गोसेई मिंडा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टीजीएमआईपीएल) के बीच राजस्थान सौर ऊर्जा नीति, 2019 के अनुसार 12 फरवरी 2020 को 1 मेगावाट सौर ऊर्जा आपूर्ति की तीसरे पक्ष को बिक्री के लिए एक और बिजली खरीद समझौता (पीपीए) निष्पादित किया गया है।
- 8 अप्रैल 2021 को 1 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र ग्रिड से जोड़ा गया और बाद में 19 अप्रैल, 2021 को संकलित और चालू किया गया। सौर ऊर्जा को राज्य ग्रिड (यानी, 33/11 केवी जेवीवीएनएल दूसरा जीएसएस नीमराना) में इंजेक्ट किया जा रहा है और निर्बाध प्रवेश प्रणाली से सौर ऊर्जा की तीसरे पक्ष की बिक्री 1 जून 2021 से टीजीएमआईपीएल को 4.60 रुपये प्रति यूनिट के सहमत दर पर शुरू की जा चुकी है जिसमें निर्बाध प्रवेश शुल्क का 50% हिस्सा शामिल है ।

ख) <u>लॉजिस्टिक डेटा बैंक प्रोजेक्ट:</u>

- एनआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व में डीएमआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड) विभिन्न एजेंसियों में कई सूचनाओं को एकीकृत करके, भारत में ऑनलाइन कंटेनर ट्रैकिंग प्रदान करता है और इसके बैकएंड पर आरएफआईडी तकनीकी सिस्टम द्वारा सभी के लिए एक सामान्य दृश्यता मंच प्रदान करता है।
- 1 जुलाई, 2016 से परियोजना शुरू की गई और जेएनपीटी पोर्ट के सभी टर्मिनलों पर सेवाएं शुरू हो गई हैं।
- सभी प्रमुख और कुछ छोटे बंदरगाहों सहित अखिल भारतीय स्तर पर सेवा चालू है और अब तक 46 मिलियन से अधिक कंटेनरों को टैग/डी-टैग किया जा चुका है।
- नेपाल और बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं तक आवागमन और बेहतर प्रथम और अंतिम दृश्यता के लिए 9 विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में भी सेवाओं को विस्तारित किया गया है।
- एलडीबी सभी एक्जिम हितधारकों के लिए हर महीने विश्लेषण रिपोर्ट तैयार कर रहा है जो प्रदर्शन बेंचमार्क और कमियों पर समीक्षा प्रदान करता है।
- पीएम गतिशक्ति के दृष्टिकोण के अनुसार, एनआईसीडीसी ने विभिन्न मंत्रालयों के मौजूदा प्लेटफार्म को एकीकृत कर यूनीफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफार्म (यूलिप) को विकसित किया है और निजी तथा सरकारी एजेंसियों को यूलिप डेटा का उपयोग कर ग्राहक-उन्मुखी ऐप्लिकेशन को विकसित करने में सक्षम बनाया है।
- इसके अतिरिक्त, 1 फरवरी, 2022 को माननीय वित्त मंत्री द्वारा केंद्रीय बजट की प्रस्तुति के दौरान यूलिप प्रोजेक्ट का विशेष रूप से उल्लेख किया गया।
- माननीय प्रधानमंत्रीजी ने 28 फरवरी, 2022 को त्वरित आर्थिक विकास के संबंध में तालमेल बनाने के उद्देश्य से आयोजित पीएम गतिशक्ति पर पोस्ट बजट वेबिनार का उद्घाटन किया। इसके अलावा, नीति आयोग के सीईओ द्वारा "यूलिप - भारतीय लॉजिस्टिक्स में क्रांतिकारी बदलाव" पर एक शुरुवाती सत्र का संचालन किया गया। निजी क्षेत्र के खिलाड़ियों के इनपुट प्रापत किए गए । यूलिप के लिए कार्य बिंदुओं और आगे के रास्तों पर विचार-विमर्श किया गया।

अन्य परियोजनाएं

नई दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी):

क) परियोजना का उद्देश्य इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्जीबिशन सेंटर (आईआईसीसी) लिमिटेड द्वारा एक विश्व श्रेणी के प्रदर्शनी और कन्वेशन सेंटर तथा मिश्रित उपयोग विकास जो इंडिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी सुविधा हो, का निर्माण करना है। कंपनी को उद्योग संवर्धन तथा आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा सरकार की 100 प्रतिशत इक्विटी के साथ क्रियान्वित तथा विकसित करने के लिए एक विशेष प्रयोजन योजना (एसपीवी) के रूप में निगमित किया गया है। यह परियोजना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सेक्टर-25, द्वारका, नई दिल्ली में स्थित है और लगभग एक मिलियन वर्गमीटर निर्माण विकास के साथ 90 हेक्टेयर के क्षेत्र में निर्मित की जा रही है। यह भारत सरकार की एक प्रतिष्ठित परियोजना है और इसका उद्देश्य देश में औद्योगिक विकास की वृद्धि के लिए भारतीय एमआईसीई बाजार को विकसित करना है। परियोजना में अभिनव डिजाइन अवधारणाएं और मौलिक हरित भवन विशेषताएं हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त वास्तुशिल्प आइकन के रूप में परिकल्पित है। एनआईसीडीसी इस परियोजना के लिए नॉलेज पार्टनर के रूप में कार्य कर रहा है।

ख) प्रमुख अवसंरचना, दो प्रदर्शनी हॉल एवं कन्वेंशन सेंटर वाले चरण-1 के साथ परियोजना चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित की जा रही है जिसके वर्ष 2022 में पूरा होने की आशा है और तीन अन्य प्रदर्शनी हॉल, रंगारंग कार्यक्रम स्थल (एरेना) और होटल, खुदरा तथा कार्यालय स्थलों जैसी पूरक अवसंरचना के वाणिज्यिक विकास वाले चरण-2 को चरण-1 पूरा होने के पश्चात् शुरु किया जाएगा और इसके 2025 तक पूरा होने की संभावना है। आईआईसीसी द्वारका में उपलब्ध कराई गई सुविधाएं आकार एवं गुणवत्ता के अनुसार विश्व में सर्वोत्तम के समकक्ष होंगी, अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कार्यक्रम, बैठक, कॉन्फ्रेंस, प्रदर्शनियों और ट्रेड शो के आयोजन की पेशकश करती है। व्यापार एवं उद्योग को प्रोत्साहन देने के अतिरिक्त इससे 5 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर उत्पन्न होने की आशा है।

ग) निम्नलिखित स्टेक होल्डरों को साथ लाया गया है जो वर्तमान में परियोजना पर कार्य कर रहे है:

i. कार्यक्रम प्रबंधन परामर्शदाता: एईकॉम इंडिया प्रा. लिमिटेड के साथ कंसोर्टियम में एईकॉम एशिया प्रा. लिमिटेड.

ii. प्रारंभिक इंजीनियरिंग एवं वास्तुकला परामर्शदाताः आईडीओएम एवं सीपीकेए

iii. ईपीसी ठेकेदारः एलएंडटी

iv. ट्रांजेक्शन एडवाइजर: बीसीजी कंसल्टिंग

v. ऑपरेटरः कोरिया इंटरनेशनल एक्जीबिशन सेंटर एवं ईसेंग नेटवर्क कंपनी लिमिटेड (किनएक्सिन) का कंसोर्टियम

vi. ऋण जुटाने के लिए वित्तीय परामर्शदाताः आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड

vii. तृतीय पक्ष गुणवक्ता आश्वासन और लेखा परीक्षा (टीपीक्यूए) - नेशनल कौंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटिरियल्स (एनसीसीबीएम)

viii. आद्योपांत आधार पर आईआईसीसी द्वारका, नई दिल्ली में प्रदर्शनी हॉल 1 एवं कन्वेंशन सेंटर में रसोईघर के उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना (एसआईटीसी): केएलएएस प्रोडक्ट्स प्रा. लिमिटेड एवं इंटरनेशनल इक्यूपमेंट कंपनी का संयुक्त उद्यम

घ) साइट पर कार्यान्वयन गतिविधियां जोरों पर हैं। ईपीसी ठेकेदार द्वारा उत्खनन, पीसीसी और आरसीसी कार्य पूरे कर लिए गए हैं। ईएसएस-1 और ईएसएस-2 (इलेक्ट्रिक सब स्टेशन) के सिविल कार्य पूरे हो गए हैं और विद्युत उपकरणों की स्थापना हेतु बीआरपीएल (बीएसईएस राजधानी पॉवर लिमिटेड) को सौंप दिए गए हैं। डीजी भवन में सिविल कार्य काफी हद तक पूरा हो गया है। डीजी भवन में 18 डीजी स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, कन्वेंशन सेंटर में रूफ और कैंटीलीवर ट्रस्स स्थापित करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। कन्वेंशन सेंटर में 85 ट्रस्स, प्रदर्शनी हॉल-1 एवं फॉयर-1 में 32 तथा प्रदशनी हॉल-2 एवं फॉयर-2 में 29 सहित सभी 146 ट्रस्स स्थापित किए जा चुके हैं। ट्रस्स स्थापित किए जाने (भार अनुसार) का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, बहरहाल डॉगहाऊस, सीढ़ियां, परलिन कार्यों जैसी विविध गतिविधियां प्रगति पर है। वर्तमान में, प्रदर्शनी हॉल के लिए रूफ शीटिंग, लाइनर और कलजिप घटक (टॉप हैट ब्रैकेट) संस्थापित किए जाने का कार्य प्रगति पर है। सभी भवनों और भूमिगत सर्विस गैलरी के अंदर के एमईपी कार्यों का निर्माण उत्तरोत्तर और एकसाथ किया जा रहा है। फॉयर-1 एवं 2 में ट्रैवलेटर और एस्केलेटर लगाने का काम भी प्रगति पर है। मार्च, 2022 तक साइट पर ईपीसी कार्यों की समग्र संचयी भौतिक प्रगति 71 प्रतिशत है।

ङ) इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर के विकास के लिए 26 अक्टूबर 2018 को आईआईसीसी और एनआईसीडीसी के बीच नॉलेज पार्टनरशिप के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

च) आईआईसीसी द्वारका परियोजना को विस्तृत बिजली आपूर्ति के लिए बीआरपीएल (बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड) और आईआईसीसी के बीच समझौता ज्ञापन

क्रियान्वित किया गया है। ईएसएस 1 और 2 में जीआईएस उपकरण (बीएसईएस और ईपीसीसी) और एचटी और एलटी पैनलों को स्थापित करने के बाद, बीआरपीएल ने नो लोड कंडीशन पर इंटर-कनेक्टर और इन-फीड केबल सहित दोनों स्टेशन सक्रिय कर दिए है।

छ) एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को आईआईसीसी परियोजना तक विस्तारित करने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वर्तमान में, डीएमआरसी द्वारा प्रदर्शनी हॉल-3 के नीचे सुरंग निर्माण कार्य पूरा किया गया और आगे के निर्माण कार्यों हेतु एलएंडटी को सौंप दिया गया है। इसके अलावा, आईआईसीसी द्वारका मेट्रो स्टेशन के लिए स्टेशन बॉक्स की संरचना पूरी हो चुकी है और डीएमआरसी द्वारा सिस्टम कार्यों का निष्पादन प्रगति पर है।

ज) एनएचएआई द्वारा सौंपा गया द्वारका एक्सप्रेसवे और यूईआर-II (जिसमें आईआईसीसी परिसर तक सड़क संपर्क शामिल है) विकसित किए जाने का कार्य शुरू हो गया है और निर्माण कार्य प्रगति पर है।

झ) आद्योपांत आधार पर केएलएस प्रोडक्ट्स एवं इंटरनेशनल इक्यूपमेंट कंपनी के संयुक्त उद्यम को प्रदर्शनी हॉल 1 एवं कन्वेंशन सेंटर में रसोईघर के उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करने का अनुबंध दिया गया है।

ञ) आईआईसीसी लेआउट ड्राइंग पर सीमांकित जल आपूर्ति दोहन बिंदु और सीवर लाइन कनेक्टिविटी प्वाइंट दिल्ली जल बोर्ड द्वारा अनुमोदित एवं हस्ताक्षरित कर दिया गया है।

ट) आईआईसीसी वेबसाइट एनआईसी सर्वर में होस्ट की गई है और साइट iiccl.dpiit.gov.in को सार्वजनिक डोमेन में लाइव किया गया है।

<u>अन्य औद्योगिक गलियारेः</u>

क. चेन्नई बेंगलूरू इंडस्ट्रियल कोरिडोर प्रोजेक्ट (सीबीआईसी):

- समग्र गलियारे के लिए भावी योजना तैयार हो गई है और विकसित किए जाने के लिए तीन नोड पहचाने गए हैं:
  i. कृष्णापट्टनम, आंध्र प्रदेश;
  ii. तुमकुरु, कर्नाटक; और
  iii. पोन्नेरी, तमिलनाडु

i. <u>कृष्णपट्टनम, आंध्र प्रदेशः</u>

➢ शेयरधारकसमझौते (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) निष्पादित कर दिया गया है और 'एनआईसीडीआईटी कृष्णापट्टनम इंडस्ट्रियल सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड' नामक एसपीवी निगमित की गई है।

- 12,763 एकड़ के क्षेत्र में से 2500 एकड़ के सक्रियण क्षेत्र के लिए विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियां पूर्ण हो गई है;
- 30 दिसंबर, 2020 को सक्रियण क्षेत्र के लिए परियोजना को सीसीईए द्वारा अनुमोदित किया गया।
- प्रोजेक्ट एसपीवी द्वारा जनवरी 2021 में पीएमसी को नियुक्त किया गया है।
- राज्य सरकार ने परियोजना एसपीवी को 2,091.80 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर दी है और 522.10 करोड़ रुपये की समतुल्य इक्विटी भी जारी की गई है;
- कृष्णपटनम नार्थ इंडस्ट्रियल एरिया की पर्यावरण संबंधी स्वीकृति के लिए प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।
- प्रमुख अवसंरचना कार्यों के लिए ईपीसी निविदा 23 सितंबर, 2021 को जारी की गई। 2 (दो) बोलियां प्राप्त हुई थी। एसपीवी के निदेशक मंडल ने बोली प्रक्रिया को रद्द कर दिया था क्योंकि कोई भी बोलीदाता तकनीकी रूप से योग्य नहीं था। ईपीसी ठेकेदार के चयन हेतु परियोजना के लिए निविदाएं पुनः आमंत्रित की जा रही है।

ii. **<u>तुमकुरु, कर्नाटकः</u>**

- शेयरधारक समझौते (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) निष्पादित कर दिया गया है और 'सीबीआईसी तुमकुरु इंडस्ट्रियल टाउनशिप लिमिटेड' नामक एसपीवी निगमित की गई है।
- 8,484 एकड़ में से 1,736 एकड़ के सक्रियण क्षेत्र के लिए विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियां पूर्ण हो गई है।
- सक्रियण क्षेत्र के लिए 30 दिसंबर, 2020 को भारत सरकार द्वारा परियोजना को अनुमोदित किया गया था।
- राज्य सरकार ने एसपीवी को 1668.30 एकड़ भूमि अंतरित कर दी है और 586.74 करोड़ रुपए की समतुल्य इक्विटी राशि भी जारी कर दी गई है।
- जनवरी, 2021 में प्रोजेक्ट एसपीवी द्वारा पीएमसी नियुक्त किया गया।
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 31 अगस्त, 2021 के पत्र द्वारा परियोजना को पर्यावरण संबंधी स्वीकृति प्रदान कर दी है।
- फरवरी, 2021 में प्रमुख अवसंरचना क्रियान्वयन के लिए ठेकेदार की नियुक्ति हेतु ईपीसी निविदा जारी कर दी गई थी। लेकिन एकल बोली के कारण एसपीवी के निदेशक मंडल द्वारा प्रक्रिया रद्द कर दी गई। इसलिए, प्रमुख अवसंरचना के लिए ईपीसी निविदा 27

सितंबर, 2021 (पुनर्निविदा) को जारी किया गया। 2 बोलियां प्राप्त हुई और मूल्यांकन किया जा रहा है।

iii. **<u>पोन्नेरी, तमिलनाडु:</u>**

- 21 फरवरी, 2020 को एनआईसीडीआईटी और राज्य सरकार के बीच शेयरधारक समझौते (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) निष्पादित किया गया है और 'सीबीआईसी पोन्नेरी इंडस्ट्रियल टाऊनशिप लिमिटेड' नामक एसपीवी निगमित की गई है;
- 4,000 एकड़ क्षेत्र के लिए विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियां करने के लिए अक्टूबर 2020 में परामर्शदाता नियुक्त किया गया;
- राज्य सरकार ने मई 2021 में सूचित किया कि लगभग 3,375 एकड़ जमीन उपलब्ध है और पोन्नेरी औद्योगिक क्षेत्र के लिए अधिसूचित की गई है;
- 7 जनवरी, 2022 को एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक, और सीएमडी-टिडको की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान, टिडको द्वारा यह सूचित किया गया था कि दो वैकल्पिक भूखंडों की पहचान की गई है;
- राज्य सरकार को भूमि उपयुक्तता मूल्यांकन के आधार पर विकास कार्यकलापों के लिए भूखंडों की पुष्टि करनी है।

ख. सीबीआईसी का कोयम्बतूर के रास्ते कोच्चि तक विस्तार:

क) एनआईसीडीआईटी ने 30 अगस्त, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में कोयंबटूर के रास्ते कोच्चि तक सीबीआईसी परियोजना के विस्तार के लिए अपनी मंजूरी दी। विकसित किए जाने के लिए निम्नलिखित नोड्स की पहचान की गई है:

ख) पालक्कड़, केरल (1,878 एकड़) एवं कोच्चि ग्लोबल सिटी (500 एकड़)

- 1,878 एकड़ भूमि क्षेत्र की पहचान की गई और राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया जिसकी अधिग्रहण प्रक्रिया जारी है।
- 22 अक्टूबर, 2020 को एसएचए/एसएसए निष्पादित किया गया
- सितंबर, 2020 को विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियों के लिए परामर्शदाता नियुक्त किया गया है;
- केरल सरकार ने 11 अगस्त, 2021 के पत्र द्वारा पुडुस्सेरी वेस्ट के भूखंड (325 एकड़) को ओझलपाथी (250 एकड़) साइट से प्रतिस्थापना करने के लिए सूचित किया है, इस प्रकार पालक्कड नोड के लिए कुल 1835 एकड़ भूमि क्षेत्र उपलब्ध है।

- केरल सरकार के वन विभाग ने क्रमशः 18 अक्टूबर, 2021 और 30 जुलाई, 2021 को सीबीआईसी के विस्तार के तहत पालक्कड़ नोड के कन्नंबरा (350 एकड़) और ग्लोबल सिटी भूखंड के लिए वन संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी कर दिया है।
- राज्य सरकार से दिनांक 15 जनवरी, 2022 के पत्र द्वारा पश्चिमी घाट (पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र) अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त किया गया है।

ग) धर्मपुरी सेलम, तमिलनाडु (1,733 एकड़):

- अक्टूबर 2020 में विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियां करने के लिए परामर्शदाता नियुक्त किया गया।
- राज्य सरकार द्वारा 1,773 एकड़ भूमि क्षेत्र की पहचान की गई है;
- सितंबर, 2020 में विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग के लिए परामर्शदाता नियुक्त किया गया है;
- परामर्शदाता द्वारा प्रस्तुत किए गए आकलनों के आधार पर औद्योगिक गलियारा कार्यक्रम के अनुसार परियोजना अव्यवहार्य पाई गई है। इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत की जा रही है।

ग. अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल कोरीडोर (एकेआईसी) प्रोजेक्टः

- समग्र कोरिडोर के लिए भावी योजना तैयार कर ली गई है।
- आगे विकसित किए किए जाने के लिए प्रत्येक राज्य में एक (01) आईएमसी साइट निश्चित कर ली गई है, जिनके नाम निम्नलिखित हैः
    1) पंजाबः राजपुरा-पटियाला (1100 एकड़)
    2) हरियाणाः हिसार (1605 एकड़)
    3) उत्तराखंडः खुरपिया फार्म (1002 एकड़)
    4) उत्तर प्रदेशः आगरा (1059 एकड़) और प्रयागराज (1141 एकड़)
    5) बिहारः गया (1670 एकड़)
    6) झारखंड
    7) पश्चिम बंगालः रघुनाथपुर (2483 एकड़)
- इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश सरकार से प्राप्त अनुरोध के आधार पर एनआईसीडीआईटी ने एकेआईसी के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य में बद्दी बरोटीवाला नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र (3500 एकड़) पर आईएमसी विकास को अनुमोदित किया है।

I. **रघुनाथपुर, पश्चिम बंगाल**

- विस्तृत मास्टर प्लानिंग पूरी हो गई है और प्रोजेक्ट के लिए पर्यावरण क्लीयरेंस संबंधी गतिविधियां जारी है;
- डब्ल्यूबीआईडीसी ने आईएमसी साइट से 7 किमी की दूरी पर स्थित 800 एकड़ के अतिरिक्त भूखंड शामिल करने का प्रस्ताव किया है। डब्ल्यूबीआईडीसी ने सूचित किया है कि 600 एकड़ भूमि इस्पात उद्योग को आबंटन के लिए आरक्षित है, प्रस्तावित आवंटन और प्रोजेक्ट में नए भूखंड के एकीकरण के प्रभाव का आकलन किया जा रहा है और राज्य सरकार से मास्टर प्लान एवं पीडीआर का अनुमोदन प्रतीक्षित है।
- राज्य सरकार से प्रोजेक्ट एसपीवी के निगमीकरण के लिए एसएचए/एसएसए का अनुमोदन सूचित करने का अनुरोध किया गया है।

II. **प्राग-खुरपिया फार्म्स, उत्तराखंड**

- अगस्त 2020 में राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 1002 एकड़ भूमि की उपलब्धता की पुष्टि की;
- जनवरी, 2021 में विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग संबंधी गतिविधियां करने के लिए परामर्शदाता नियुक्त किया गया और कार्य प्रगति पर है;
- 14 जुलाई, 2021 को एनआईसीडीआईटी द्वारा खुरपिया प्रोजेक्ट के लिए एसएचए/एसएसए अनुमोदित किए गए;
- एनआईसीडीआईटी/सीसीईए से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात वित्तीय वर्ष 22-23 में परियोजना को कार्यान्वयन हेतु शुरू किया जाएगा।

III. **हिसार, हरियाणा**

- राज्य सरकार ने दिसंबर, 2020 में हरियाणा सरकार द्वारा अनुमोदित इंटीग्रेटिड एविएशन हब के समग्र मास्टर प्लान के अंतर्गत परियोजना के लिए 1605 एकड़ भूमि की उपलब्धता की पुष्टि की;
- विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियों करने के लिए फरवरी, 2021 में परामर्शदाता नियुक्त किया गया और कार्य प्रगति पर है;
- राज्य सरकार से एसएचए/एसएसए पर अनुमोदन प्रदान करने और आईएमसी के लिए भूमि सीमा को निर्धारित करने और मौजूदा पर संशोधन करने का अनुरोध किया गया है।

- इंटीग्रेटिड एविएशन हब की पर्यावरणीय स्वीकृति मिल चुकी है। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि दिसंबर, 2022 तक आईएमसी के लिए ~ 900 एकड़ जमीन हस्तांतरण हेतु उपलब्ध होगी।

IV. राजपुरा-पटियाला, पंजाब

- फरवरी 2021 में राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 1100 एकड़ भूमि की उपलब्धता की पुष्टि की। भूमि पंजाब अरबन डेवलपमेंट ऑथोरिटी (पीयूडीए) के कब्जे में है। परियोजना के लिए एसएचए/एसएसए को अंतिम रूप देने के लिए राज्य सरकार के साथ चर्चा जारी है;
- विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियों करने के लिए फरवरी, 2021 में परामर्शदाता नियुक्त किया गया और कार्य प्रगति पर है;
- 6 जनवरी, 2022 को पंजाब के एसईआईएए द्वारा एकेआईसी के अंतर्गत राजपुरा आईएमसी के लिए टीओआर आवेदन पर स्वीकृति दी गई है;
- राज्य सरकार ने 10 फरवरी, 2022 के पत्र द्वारा फाइनल मास्टर प्लान का अनुमोदन सूचित किया है;
- परियोजना को एनआईसीडीआईटी/सीसीईए से अनुमोदन के पश्चात वित्तीय वर्ष 22-23 में क्रियान्वयन हेतु शुरु किया जाएगा।

V. आगरा और प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

- जनवरी 2021 में राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 1059 एकड़ भूमि उपलब्धता की पुष्टि की है;
- विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियों को पूरा करने के लिए जुलाई, 2021 में परामर्शदाता नियुक्त किया गया और साइट सर्वेक्षण तथा बेस मैप तैयार करने से संबंधित कार्य प्रगति पर हैं;
- आईएमसी के लिए प्रस्तावित 1059 एकड़ में से, लगभग 250 एकड़ भूमि बाढ़ क्षेत्र में है और बस्तियों तथा उच्च-विभवी लाइनों से अधिकृत है। फरवरी, 2022 में परियोजना विकास के लिए लगभग 750 एकड़ सकल क्षेत्र निश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रस्तावित स्थल ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) में आता है। टीटीजेड प्राधिकरण से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने, पर्यावरण मंजूरी और साइट के लिए परिवहन कनेक्टिविटी के मुद्दों को हल करने पर राज्य सरकार की सहायता का अनुरोध किया गया है;

- एनआईसीडीआईटी ने प्रयागराज में ब्राउनफील्ड साइट (1,141 एकड़) को एकेआईसी के तहत दूसरे नोड के रूप में विकसित करने के लिए अनुमोदित किया है। प्रयागराज साइट के लिए, विस्तृत प्रारंभिक डिजाइन रिपोर्ट और विपणन रणनीति तैयार करने के लिए परामर्शदाता के चयन हेतु निविदा फिर से जारी की गई है;
- एसएचए/एसएसए को अंतिम रूप देने के लिए राज्य सरकार के साथ चर्चा जारी है।

VI. गया, बिहार

- राज्य सरकार ने मार्च, 2021 में परियोजना के लिए 1670 एकड़ भूमि उपलब्धता की पुष्टि की है;
- अगस्त, 2021 में विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग गतिविधियों को पूरा करने के लिए परामर्शदाता नियुक्त किया गया। बाजार मांग का मूल्यांकन तथा बेस मैप का कार्य प्रगति पर है;
- 1670 एकड़ में से, 1297.75 एकड़ सरकारी भूमि है और शेष 372.47 एकड़ निजी भूमि है। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि शेष भूमि का अधिग्रहण मई, 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा।

VII. झारखंड में आईएमसी

- राज्य सरकार ने जनवरी 2021 में सूचित किया है कि न्यू बहरी में पूर्ववर्ती साइट उपलब्ध नहीं है, इसलिए किसी वैकल्पिक स्थल की पहचान की जा रही है। वैकल्पिक स्थल के भूमि ब्योरे पर पुष्टि की प्रतीक्षा की जा रही है।
- राज्य सरकार ने इस्पात मंत्रालय से बोकारो इस्पात संयंत्र में आईएमसी के लिए भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। आईएमसी के विकास के लिए बोकारो इस्पात संयंत्र में 1000 एकड़ की चिन्हित भूमि की व्यवहार्यता और हस्तांतरण का आकलन करने के लिए एक छह सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।
- बोकारो इस्पात संयंत्र का संयुक्त स्थल दौरा 7 दिसंबर, 2021 को किया गया था। इसके अलावा, सचिव (इस्पात) और झारखंड सरकार के मुख्य सचिव की सह-अध्यक्षता में दिनांक 10-01-2022 को आयोजित बैठक के दौरान, यह निर्णय लिया गया था कि राज्य सरकार स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एसएआईएल) के परामर्श से भूमि की उपलब्धता की पुष्टि करे।

घ. बेंगलूरू मुंबई इंडस्ट्रियल कोरिडोर (बीएमआईसी) प्रोजेक्टः

- भावी योजना तैयार कर ली गई है और अनुमोदित कर दी गई है;

- जनवरी, 2021 में कर्नाटक सरकार ने धारवाड़ में औद्योगिक नोड के विकास के लिए उपलब्ध 6,042 एकड़ भूमि की पुष्टि की। उक्त नोड के लिए परियोजना विकास गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं। जुलाई, 2021 में विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग के लिए परामर्शदाता नियुक्त किया गया और कार्य प्रगति पर हैं;
- महाराष्ट्र सरकार ने मार्च, 2021 में बीएमआईसी के तहत औद्योगिक नोड के विकास के लिए सतारा में 5,001.31 हेक्टेयर भूमि के बारे में सूचित किया और विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु अनुरोध किया है। तदनुसार, परामर्शदाता को सितंबर, 2021 में नियुक्त किया गया था। राज्य सरकार द्वारा भूखंडों को अधिसूचित करना और परियोजना के लिए सीमा को अंतिम रूप देना अभी बाकी है। महाराष्ट्र सरकार ने जनवरी, 2022 में सतारा में 2207 हेक्टेयर की एक वैकल्पिक साइट प्रस्तावित की है, जिसे औद्योगिक नोड के रूप में विकास के लिए इसकी उपयुक्तता के लिए जांच की जा रही है।

ङ. ईस्ट कोस्ट इंडस्ट्रियल कोरिडोर (ईसीआईसी) के चरण-1 के रूप में विजाग-चेन्नई इंडस्ट्रियल कोरिडोर(वीसीआईसी)

- दिसंबर 2016 में वीसीआईसी को एनआईसीडीआईटी के अधिदेश के भाग के रूप में शामिल किया गया था।
- आंध्र प्रदेश सरकार ने विशाखापत्तनम (नाकापल्ली क्लस्टर) और चित्तूर (दक्षिण क्लस्टर) नोड्स के विकास को प्राथमिकता दी है और एनआईसीडीआईटी अधिदेश में विजाग चेन्नई इंडस्ट्रियल कोरिडोर को शामिल करने और विजाग एवं चित्तूर को विकसित करने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया है।
- राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोध के आधार पर, एनआईसीडीआईटी ने 30 अगस्त, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में वीसीआईसी के चरण-क में विजाग और चित्तूर को प्राथमिकता वाले नोड के रूप में विकसित करने के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की।
- आंध्र प्रदेश सरकार ने एनआईसीडीआईटी बैठक के भाग के रूप में आंध्र प्रदेश राज्य में एक अतिरिक्त नोड के रूप में कडप्पा में कोप्पार्थी नोड को शामिल करने का अनुरोध किया है।
- राज्य सरकार से निकटवर्ती भूखंडों की उपलब्धता के आधार पर परियोजना विकास गतिविधियों को शुरू करने के लिए एक नोड को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया गया था, जो पहले से ही राज्य सरकार के कब्जे में हो और जिसे प्रस्तावित एसपीवी को हस्तांतरित किया जा सकता हो।

- तत्पश्चात्, राज्य सरकार ने औद्योगिक नोड विकसित करने के लिए कडप्पा तथा चित्तूर में भूमि की उपलब्धता के बारे में सूचित किया और तद्नुसार कडप्पा तथा चित्तूर क्षेत्रों के लिए विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग संबंधी कार्यों के लिए मास्टर प्लानर नियुक्त किया गया है।

क) विशाखापत्तनम (नाकापल्ली क्लस्टर), आंध्र प्रदेश (3,196 एकड़)

- राज्य सरकार, नाकापल्ली क्लस्टर (3,196 एकड़) के चरण-II के लिए राज्य सरकार द्वारा तैयार और प्रस्तुत पीडीआर के अनुसार परियोजना विकास गतिविधियां शुरू कर रही है।
- तत्पश्चात्, परियोजना को एनआईसीडीआईटी के विचार और अनुमोदन के लिए रखा जाएगा।

ख) चित्तूर, आंध्र प्रदेश (8,967 एकड़)

- 374 एकड़ भूमि राज्य सरकार के कब्जे में है और शेष भूमि को चरणों में अधिग्रहित किए जाने का प्रस्ताव है।
- 8,967 एकड़ के लिए नवंबर 2020 में विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति कर ली गई है और कार्य प्रगति पर हैं

ग) कोप्पार्थी, आंध्र प्रदेश (5,760 एकड़)

- एनआईसीडीआईटी ढांचे के अंतर्गत 2,595 एकड़ के साउथ ब्लॉक को विकसित किए जाने का प्रस्ताव है जिसमें से 2,396 एकड़ भूमि राज्य सरकार के कब्जे में है और शेष भूमि का शीघ्रता से अधिग्रहण किया जा रहा है।
- नवंबर 2020 में विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग संबंधी कार्यों को करने के लिए परामर्शदाता नियुक्त किया गया और कार्य प्रगति पर है।
- एनआईसीडीआईटी/सीसीईए से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद परियोजना को वित्त वर्ष 22-23 में कार्यान्वयन के लिए शुरू किया जाएगा।

च. हैदराबाद वारंगल इंडस्ट्रियल कोरिडोर (एचडब्ल्यूआईसी)

- हैदराबाद वारंगल और हैदराबाद नागपुर औद्योगिक गलियारे के विकास के लिए तेलंगाना सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर दिनांक 23 अगस्त, 2017 को आयोजित बैठक में

एनआईसीडीआईटी ने निर्देश दिया था कि "तेलंगाना सरकार को एक व्यवहार्यता अध्ययन करना चाहिए और परियोजना के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करनी चाहिए"।

- तदनुसार, तेलंगाना सरकार ने एक विस्तृत अध्ययन किया और हैदराबाद फार्मा सिटी की पहचान हैदराबाद वारंगल इंडस्ट्रियल कोरिडोर के हिस्से के रूप में की गई।
- अगस्त, 2020 में एनआईसीडीआईटी ने तेलंगाना राज्य में हैदराबाद वारंगल इंडस्ट्रियल कोरिडोर को शामिल करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया।
- राज्य सरकार ने तेलंगाना राज्य में हैदराबाद-वारंगल इंडस्ट्रियल कोरिडोर के अंतर्गत हैदराबाद फार्मा सिटी के लिए मास्टर प्लानिंग और लागत अनुमानों को तैयार किया है;
- फार्मा सिटी परियोजना के लिए, राज्य सरकार परियोजना के विकास हेतु भारत सरकार के साथ अपनी भागीदारी के बारे में पुष्टि करे।

छ. हैदराबाद नागपुर इंडस्ट्रियल कोरिडोर (एचएनआईसी)

अगस्त, 2020 में एनआईसीडीआईटी ने जहीराबाद में प्राथमिकता वाले नोड को तेलंगाना राज्य में हैदराबाद नागपुर इंडस्ट्रियल कोरिडोर को शामिल करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया;

<u>जहीराबाद, तेलंगाना (12,635 एकड़)</u>:

क) 3909 एकड़ का चरण-I क्षेत्र

ख) तेलंगाना सरकार ने मास्टर प्लानिंग अध्ययन किया है और जहीराबाद की पहचान हैदराबाद नागपुर इंडस्ट्रियल कोरिडोर के हिस्से के रूप में की गई है।

ग) परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करने से संबंधित गतिविधियां प्रगति पर है

घ) राज्य सरकार द्वारा डीपीआर तैयार की गई है।

ङ) एनआईसीडीआईटी ने 21.09.2021 को आयोजित अपनी बैठक में तेलंगाना में हैदराबाद-नागपुर इंडस्ट्रियल कोरीडोर के तहत जहीराबाद औद्योगिक क्षेत्र के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

च) सीसीईए से निवेश अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। तत्पश्चात्, इस परियोजना को वित्त वर्ष 22-23 में कार्यान्वयन के लिए शुरू किया जाएगा।

ज. हैदराबाद बेंगलूरू इंडस्ट्रियल कोरिडोर (एचबीआईसी)

- भारत सरकार को आन्ध्र प्रदेश सरकार से हैदराबाद बेंगलुरु इंडस्ट्रियल कोरिडोर के विकास के लिए एक अनुरोध प्राप्त हुआ था जिसमें निम्नलिखित नोड्स विकसित किए जाने का प्रस्ताव किया गया था:-
    - हिंदूपुर (अनंतपुर जिला),
    - ओर्वाकल (कुरनूल जिला) और
    - कोप्पार्थी (डॉ वाईएसआर कडप्पा जिला)
- तदनुसार, डीपीआईआईटी के सचिव की अध्यक्षता में 19 मार्च, 2020 को एक बैठक आयोजित की गई जिसमें हैदराबाद बेंगलुरु इंडस्ट्रियल कोरिडोर की स्थिति की समीक्षा की गई।
- विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, यह निर्णय लिया गया कि आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक की राज्य सरकारें शुरू में आपस में चर्चा करेंगी और हैदराबाद बेंगलुरू इंडस्ट्रियल कोरिडोर के कार्यान्वयन के संबंध में एनआईसीडीसी को अपने विचारों से अवगत कराएंगी।
- तेलंगाना और आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकारों से एचबीआईसी के लिए समर्थन और भूमि विवरण प्राप्त हुए और एनआईसीडीआईटी के समग्र अधिदेश के तहत एचबीआईसी के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के ओर्वाकल को प्राथमिकता वाले नोड के रूप में शामिल करने के प्रस्ताव पर एनआईसीडीआईटी द्वारा 19 अगस्त, 2020 को आयोजित बैठक में सुविचारित और अनुमोदित किया गया।
- 9,800 एकड़ के ओर्वाकल नोड (आंध्र प्रदेश) के लिए जनवरी, 2021 में विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग के लिए परामर्शदाता नियुक्त किया गया।
- 9,800 एकड़ में से गुट्टापाडु गांव में 4194.32 एकड़ (1697.38 हेक्टेयर) क्षेत्र के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिनांक 11 नवंबर, 2020 के पत्र के माध्यम से पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान की गई है। शेष क्षेत्र के लिए ईआईए/ईसी गतिविधियां चल रही हैं।
- एनआईसीडीआईटी ने 14.07.2021 को आयोजित अपनी बैठक में एचबीआईसी के तहत कर्नाटक राज्य में 3,300 एकड़ क्षेत्र के साथ यादगीर जिले के कादेचुरु को एक औद्योगिक नोड के रूप में शामिल करने को मंजूरी दी, बशर्ते कि राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी की जाए।
- मार्च 2022 में, राज्य सरकार ने इंडस्ट्रियल कोरिडोर कार्यक्रम के तहत विकास के लिए 4,247 एकड़ भूमि की उपलब्धता के बारे में सूचित किया है।

झ. ओडिशा इकोनोमिक कोरिडोर (ओईसी)

- ओडिशा इकोनोमिक कोरिडोर के लिए एडीबी द्वारा अवधारणा विकास योजना (सीडीपी) को अंतिम रूप दे दिया गया है।
- राज्य सरकार द्वारा प्राथमिकता वाले दो नोड्स अर्थात् गोपालपुर, भुवनेश्वर कलिंगनगर (जीबीके नोड) और पारादीप-केंद्रपाड़ा-धामरा-सुवर्णरेखा (पीकेडीएस नोड) है, जिसमें कुल क्षेत्रफल 11,366 एकड़ है।
- एनआईसीडीआईटी के समग्र अधिदेश के एक भाग के रूप में ओडिशा इकोनोमिक कोरिडोर (ओईसी) को शामिल करने के प्रस्ताव को एनआईसीडीआईटी द्वारा 19 अगस्त, 2020 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया है।
- ओईसी के तहत दो नोड्स की विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरिंग के लिए परामर्शदाता मार्च, 2021 में नियुक्त किया गया।
- राज्य सरकार ने अभी तक परियोजना विकास गतिविधियों को शुरू करने के लिए भूखंडों की पुष्टि नहीं की है।

ञ. दिल्ली नागपुर इंडस्ट्रियल कोरिडोर (डीएनआईसी)

- डीएफसी के नार्थ-साऊथ कोरिडोर के साथ साथ दिल्ली नागपुर इंडस्ट्रियल कोरिडोर की संकल्पना की गई है। प्रस्तावित इंडस्ट्रियल कोरिडोर मौजूद राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क और भावी नार्थ-साऊथ डीएफसी का लाभ उठाएगा।
- समग्र डीएनआईसी क्षेत्र के लिए भावी योजना तैयार करने हेतु फरवरी, 2022 में परामर्शदाता नियुक्त किया गया है।

<u>पीएम गतिशक्ति - नेशनल मास्टर प्लान (एनएमपी)</u>

- सरकार ने आर्थिक क्षेत्रों को बहुआयामी कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान को मंजूरी दी है। माननीय प्रधानमंत्रीजी ने 13 अक्टूबर 2021 को पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान का लोकार्पण किया।
- पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान एक व्यापक योजना है जिसे सभी मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी प्रोजेक्टों को समग्र रूप से एकीकृत करने और लोगों, वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्बाध आवाजाही के लिए लापता अंतराल को दूर करने के उद्देश्य से विभिन्न आर्थिक

क्षेत्रों और आवश्यक अवसंरचना संपर्कों को दर्शाते हुए तैयार किया गया है। योजना में सभी मौजूदा और प्रस्तावित आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी मोडल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ तीन समय अवधि अर्थात् 2014-15 की स्थिति, 2020-21 तक की गई उपलब्धियां और 2024-25 तक नियोजित हस्तक्षेप, एक ही प्लेटफॉर्म में दर्ज किया गया है। प्रधानमंत्री गतिशक्ति एनएमपी के अनुसार, अवसंरचना विकास के लिए बाधाओं को कम करना, लागत दक्षता के साथ कार्यों को जल्दी पूरा करना सुनिश्चित करना, जीवन की सुगमता को बढ़ाना और व्यापार करने में आसानी, मार्गदर्शक सिद्धांत हैं।

- पीएम गतिशक्ति देश भर के विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों, अवसंरचनाओं और उपयोगिताओं के पूरा होने की समय-सीमा के आधार पर प्रमुख परतों के साथ बुनियादी ढांचे के विकास का एक विहंगम दृश्य प्रदान करता है। प्रधानमंत्री गतिशक्ति एनएमपी को बीआईएसएजी-एन (भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान) द्वारा विकसित किया गया है और इसे गतिशील भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) मंच पर तैयार किया गया है जिसमें सभी मंत्रालयों/विभागों की विशिष्ट कार्य योजना के डेटा को एक व्यापक डाटाबेस के भीतर शामिल किया गया है। मास्टर प्लान के कार्यान्वयन में सभी मंत्रालयों की सहायता के लिए इस प्रणाली को एक डिजिटल मास्टर प्लानिंग टूल के रूप में विकसित किया जा रहा है जिसमें परियोजना प्रबंधन उपकरण, गतिशील डैशबोर्ड, एमआईएस रिपोर्ट सृजन, अनुपालन उपकरण आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

- सभी अलग-अलग मंत्रालयों के डेटा को एक मंच में एकीकृत किया जा रहा है जो नेटवर्क योजना समूह द्वारा योजना तैयार करने, समीक्षा और निगरानी के लिए उपलब्ध होगा। वाणिज्य मंत्रालय की लॉजिस्टिक्स डिवीजन, बीआईएसएजी-एन के माध्यम से सभी हितधारकों को सिस्टम में अपनी आवश्यक परतों को बनाने तथा अद्यतन करने और एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के माध्यम से अपने डेटाबेस को अपडेट करने में सहायता करेगी।

- इंडस्ट्रियल कोरिडोर विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री गतिशक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान से जुड़ी योजना है जिसमें मल्टी मोडल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए औद्योगिक नोड्स/शहरों का विकास किया जा रहा है।

विपणन और प्रचार

- प्रमुख अवसंरचना विकास गतिविधियां या तो पूरी हो गई है अथवा पूरी होने वाली है, चार (04) डीएमआईसी 'स्मार्ट शहरों' में भूमि आवंटन चल रहा है। कुछ उद्योगों की स्थापना और वाणिज्यिक उत्पादन गतिविधियों की शुरुआत के साथ, दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कोरिडोर परियोजना परिचालन चरण में प्रवेश कर गया है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद में शेंद्रा औद्योगिक पार्क/औरंगाबाद औद्योगिक शहर (ओरिक) पहला शहर है जिसे सितंबर, 2019 में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

- कंपनियां जिन्हें भूमि आंवटित की गई थी, उन्होंने वाणिज्य परिचालन शुरु कर दिया है और कुछ कंपनियों का वित्तीय वर्ष 2022-23 में परिचालन शुरु किए जाने का लक्ष्य है। तदनुसार, विपणन गतिविधियों और निवेश प्रचार पहलों का प्राथमिक उद्देश्य एनआईसीडीसी के 'ब्रांड निर्माण' और 'निवेशक सहभागिता' के आसपास ध्यान केंद्रित करना है, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स, चिकित्सा उपकरण, एयर कंडीशनर, एलईडी आदि जैसे घरेलू सामान, वस्त्र, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, घटक विनिर्माण, खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रिक वाहन और इसके घटक, स्वास्थ्य संबंधी घटक, आदि जैसे विभिन्न प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रमुख क्षेत्र वे होंगे जहां भारत सरकार ने हाल ही में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की घोषणा की है। इसका लक्ष्य उन कंपनियों का दोहन करना है जो भारत सरकार की पीएलआई योजना का लाभ उठाने का नियोजन कर रही हैं और पूर्ण प्लग-एंड-प्ले बुनियादी ढांचे के साथ विकसित भूखंडों की तलाश कर रही हैं।

- अन्य औद्योगिक गलियारा परियोजनाओं के लिए एनआईसीडीआईटी के अधिदेश में विस्तार और इस वर्ष के दौरान उन परियोजनाओं के लिए कार्यान्वयन कार्यकलापों की शुरुआत के साथ, देश के दक्षिणी भाग में अल्पावधि में उपलब्धता के बारे में जागरूकता सृजन करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

- विपणन पहल के हिस्से के रूप में, निम्न प्रमुख गतिविधियों को अंजाम दिया गया है:

    i. ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब, लिंकेडिन जैसे सोशल प्लेटफार्मों पर सक्रिय रहना और इंडस्ट्रियल कोरिडोर, पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान, यूलिप और विकसित

किए जा रहे स्मार्ट सिटि के नवीनतम अपडेट के बारे में संबंधित भागीदारों से नियमित संवाद करना।

ii. प्रमुख नीतिगत निर्णयों के बारे में सूचना देने के लिए समाचार पत्रों/पत्रिकाओं में व्यापक प्रेस विज्ञापन।

iii. प्रौद्योगिकी/अवसंरचना/स्मार्ट शहरों संबंधित प्रदर्शनियों में भाग लेना।

iv. विपणन के उद्देश्य से एसपीवी ब्रोशर, पिचबुक, रिपोर्ट को प्रिंट करवाना।

v. विभिन्न व्यापार निकायों, वाणिज्य मंडलों और शीर्ष उद्योग संघों द्वारा आयोजित किए जा रहे शिखर सम्मेलनों, बैठकों, संगोष्ठियों और कॉन्फ्रेंस में भागीदारी के माध्यम से निवेशकों के साथ नियमित रूप से संवाद किया जा रहा है।

vi. औद्योगिक कोरिडोर परियोजनाओं में निवेश के लिए व्यावसायिक मामलों की व्याख्या करते हुए विभिन्न औद्योगिक घरानों और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ व्यावसायिक बैठकें।

vii. औद्योगिक कोरिडोर परियोजनाओं में निवेश के अवसरों को प्रस्तुत करने के लिए वर्चुअल माध्यम से विभिन्न देशों के उच्च-शक्ति वाले व्यापारिक प्रतिनिधिमंडलों के साथ इन्वेस्टर राऊंड टेबल सम्मेलन आयोजित किए गए हैं।

viii. वैश्विक समूह और प्रमुख बाजार के खिलाड़ियों के लिए औद्योगिक कोरिडोर परियोजनाओं में उपलब्ध विनिर्माण अवसरों को प्रस्तुत करने हेतु विभिन्न देशों की निवेश सुविधा एजेंसियों के साथ वर्कशॉप।

ix. भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों के साथ नियमित रूप से बातचीत की जा रही है, जहां उन कंपनियों को लक्षित करने के लिए उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं की घोषणा की गई है जो विकसित भूखंडों की तलाश में हैं।

- संपूर्ण उद्देश्य मांग के पहले ही गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना तैयार करना और तत्काल आवंटन के लिए विकसित भूखंडों तैयार रखना है ताकि विनिर्माण में निवेश आकर्षित किया जा सके और इस प्रकार भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में एक मजबूत खिलाड़ी बनाया जा सके।

<u>औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से नीति आधारित ऋण (पीबीएल)</u>

मार्च, 2020 में आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) की स्क्रीनिंग समिति ने औद्योगिक गलियारा विकास

कार्यक्रम के लिए नीति आधारित ऋण (पीबीएल) के रूप में 500 मिलियन अमेरिकी डालर की ऋण सहायता को मंजूरी दी। प्रस्तावित ऋण कार्यक्रम का उद्देश्य नीतिगत सुधारों द्वारा वैश्विक विनिर्माण हब के रूप में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने हेतु औद्योगिक गलियारे विकसित करने के लिए डीपीआईआईटी/एनआईसीडीसी/एनआईसीडीआईटी को सक्षम बनाना है।

नीति आधारित ऋण (पीबीएल) को प्रोग्रामेटिक दृष्टिकोण के तहत संरचित किया गया था जिसमें प्रत्येक के 250 मिलियन डॉलर के दो किश्तें / सबप्रोग्राम शामिल थीं। कार्यक्रम की निष्पादन एजेंसी (ईए) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय है जो उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के माध्यम से कार्य कर रही है और कार्यान्वयन एजेंसी (आईए) एनआईसीडीसी द्वारा समर्थित एनआईसीडीआईटी है।

यह ऋण भारत सरकार द्वारा वित्त मंत्रालय (एमओएफ) के माध्यम से लिया गया है और इसके शोधन और पुनर्भुगतान का दायित्व भी भारत सरकार का होगा। भारत सरकार द्वारा अनुमोदित संस्थागत और वित्तीय संरचना के अनुसार इक्विटी और/या ऋण के रूप में परियोजना विशेष एसपीवी को आगे निधियां देने हेतु औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के लिए निधियों के समग्र अनुमोदित कोष के अनुदान भाग के रूप में डीपीआईआईटी के माध्यम से एनआईसीडीआईटी को निधियां जारी करना जारी रखा जाएगा।

सबप्रोग्राम 1 में औद्योगिक गलियारों के एकीकृत विकास, अभिनव वित्तपोषण समाधान और निवेश संवर्धन के लिए संस्थागत संरचनाओं और तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से ग्यारह (11) नीतिगत क्रियाएं शामिल हैं। ईए/आईए द्वारा नीतिगत क्रियाओं, जैसा कि नीति मैट्रिक्स में उल्लिखित है, के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद अक्टूबर 2021 में, एडीबी ने भारत सरकार को औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के लिए पीबीएल के अंतर्गत 250 मिलियन अमरीकी डालर के पहले सबप्रोग्राम को मंजूरी दी।

इसके बाद, जनवरी 2022 में, ऋण को प्रभावी बनाया गया और इसे भारत सरकार की समेकित निधि में वितरित किया गया। सबप्रोग्राम 1 के साथ, एडीबी ने भारत सरकार को औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के लिए ज्ञान सेवाओं हेतु 1 मिलियन अमरीकी डालर की तकनीकी सहायता (टीए) के प्रावधान को भी मंजूरी दे दी है, जिसे अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा और नवंबर, 2021 से शुरू होने वाली 38 महीने की अवधि में लागू किया जाएगा।

सबप्रोग्राम 2 (250 मिलियन अमरीकी डालर) के लिए, फरवरी 2022 - दिसंबर 2024 की समय सीमा के साथ नीति मैट्रिक्स में 13 नीतिगत क्रियाओं को सूचीबद्ध किया गया है। सबप्रोग्राम 2 के तहत 13 नीतिगत कार्यों में से 11 की सुपुर्दगी के लिए टीए_तकनीकी सहायता प्रदान करेगा, जिसके लिए एडीबी द्वारा कार्रवाई पहले ही शुरू की जा चुकी है। 250 मिलियन अमरीकी डालर

के सबप्रोग्राम 2 को वित्त वर्ष 2025 में एक ही किश्त के तहत वितरित किए जाने की उम्मीद है।

वित्तीय परिणाम निष्कर्ष

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, ट्रस्ट के मुख्य कोष और अतिरिक्त कोष के लिए भारत सरकार द्वारा क्रमश: 809.00 करोड़ रुपए और 50.10 करोड़ रुपए जारी किए गए थे।

वित्तीय वर्ष के अंत में ट्रस्ट का वित्तीय सार निम्नानुसार है:

(करोड़ रू.में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
कोष/पूंजी निधि	9039.13	8213.77
अचल परिसंपत्तियां	कुछ नहीं	कुछ नहीं
निवेश	8684.17	7526.85
चल परिसंपत्तियां	355.03	686.98
चिन्हित निधियां	कुछ नहीं	कुछ नहीं
चालू दायिताएं	0.07	0.05
गैर-चालू दायिताएं	कुछ नहीं	कुछ नहीं
सकल आय	30.10	26.59
व्यय पर आय का आधिक्य/(कमी)	16.36	2.97

लेखापरीक्षक

ट्रस्ट डीड के परिच्छेद 13 के अनुसार, एनआईसीडीआईटी भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा लेखापरीक्षा के अध्यधीन है।

भारत के राष्ट्रपति ने नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियां एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 20(1) के अंतर्गत वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए सीएंडएजी को एनआईसीडीआईटी की लेखापरीक्षा का कार्यभार सौंपा है।

वर्ष के दौरान, सीएंडएजी की लेखापरीक्षा टीम ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक लेखों की लेखापरीक्षा और ट्रांजेक्शन ऑडिट किए है।

कर्मचारियों का ब्यौरा

वर्ष 2021-22 के दौरान एनआईसीडीआईटी में कोई कर्मचारी नहीं था। एनआईसीडीसी लिमिटेड नॉलेज पार्टनर होने के नाते एनआईसीडीआईटी को सभी सेवाएं और सहायता प्रदान करता है।

ट्रस्ट डीड के परिच्छेट 8.5 के अनुसार, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में और एनआईसीडीसी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक एनआईसीडीआईटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

आभार

ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सभी ट्रस्टियों को ट्रस्ट में उनके निरंतर समर्थन, सहयोग और योगदान के लिए अपना आभार प्रकट करते हैं।

कृते नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट
एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट

हस्ता.

(अमृत लाल मीणा)
सीईओ एवं सदस्य सचिव

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 08 जून, 2022

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

गोपनीय

सत्यमेव जयते

संख्या / No.

भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग,
कार्यालय, महानिदेशक लेखापरीक्षा (इन्फ्रास्ट्रक्चर), दिल्ली
INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT,
OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL OF AUDIT (INFRASTRUCTURE), DELHI

दिनांक / Dated

सेवा में ,

सचिव,भारत सरकार ,
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय,
उद्योग भवन,
नई दिल्ली

विषय- नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटशन ट्रस्ट (NICDIT) के वर्ष 2021-22 के वार्षिक लेखाओं पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन ।

महोदय,

मै इस पत्र के साथ नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटशन ट्रस्ट के वर्ष 2021-22 के प्रमाणित वार्षिक लेखों की प्रति तथा उन पर पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संसद के पटल पर रखने के लिए अग्रेषित कर रहा हूँ। कृपया यह सुनिश्चित किया जाए कि पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को संसद के दोनो सदनो के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले शासी निकाय (Governing body) को नियमानुसार अवश्य प्रस्तुत किया जाए।

संसद को प्रस्तुत कर दस्तावेजो की दो प्रतियाँ उस तिथि को दर्शाते हुए, जब वे संसद में प्रस्तुत किए गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाए।

CFO, NICDC
for n/a
12/x/22

भवदीय,

हस्ता.
(दीपक कपूर)
महानिदेशक

संख्या:- GAP|NICDIT|A/c|6-94|22-23|272 दिनाँक:- 10|10.2022

प्रतिलिपि:-

1. CEO & Member Secretary, 8 फ्लोर, जीवन भारती बिल्डिंग, 124, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001 को एक प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न की जा रही है।

(दीपक कपूर)
महानिदेशक

तृतीय तल, ए-स्कन्ध, इन्द्रप्रस्थ भवन, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली-110002
3rd Floor, A-Wing, Indraprastha Bhawan, I. P. Estate, New Delhi-110002
दूरभाष/Tele.: 011-23378473, फैक्स/Fax : 011-23378432, 011-23370871
E-mail : pdainfradl@cag.gov.in

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट

हमने नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियां एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 20 (1) जिसे वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बजट प्रभाग) के दिनांक 16 मार्च, 2018 के पत्र सं. 1 (5)-बी(आरएंडसी)/2018 के साथ पढ़ा जाए के अंतर्गत 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलिमेंटेशन ट्रस्ट (ट्रस्ट) के संलग्न तुलन पत्र तथा उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा/प्राप्ति एवं भुगतान लेखा की लेखापरीक्षा की है। लेखापरीक्षा का दायित्व 2021-22 तक की अवधि के लिए सौंपा गया है। ये वित्तीय विवरण ट्रस्ट के प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारा दायित्व हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर अपना अभिमत व्यक्त करना है।

2. पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में केवल वर्गीकरण, सर्वोत्तम लेखांकन पद्धतियों, लेखांकन मानकों के साथ अनुरूपता और प्रकटन मानक आदि के संबंध में लेखांकन उपचारों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की टिप्पणियां अंतर्निहित है। कानूनों का अनुपालन, नियम एवं नियामन (औचित्य और नियमितता) और कुशलता-सह-प्रदर्शन पहलुओं आदि के संबंध में वित्तीय लेन-देनों पर लेखापरीक्षा प्रेक्षण, यदि कोई हो तो, निरीक्षण रिपोर्ट/सीएजी लेखा परीक्षा रिपोर्ट द्वारा पृथक रूप से सूचित किया गया है।

3. हमने अपनी लेखापरीक्षा भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखांकन मानकों के अनुसार की है। इन मानकों में अपेक्षा की जाती है कि हम उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा का नियोजन तथा प्रदर्शन इस तरह करे कि ये वित्तीय विवरण किसी भी भौतिक मिथ्या कथन से मुक्त हो। किसी लेखा परीक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटनों की पुष्टि करने वाले साक्ष्यों का परीक्षण जांच आधार पर करना शामिल है। लेखापरीक्षा में प्रबंधन द्वारा उपयोग किए गए लेखांकन नीतियों और तैयार किए गए महत्वपूर्ण अनुमानों का आंकलन करने के साथ-साथ वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन भी शामिल होता है। हम विश्वास करते है की हमारी लेखा परीक्षा हमारे अभिमत के लिए उचित आधार प्रदान करती है।

4. हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

   (i) हमने वे सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं, जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य के लिए आवश्यक हैं;

   (ii) इस रिपोर्ट में देखे गए तुलन पत्र और आय एवं व्यय लेखा/प्राप्ति एवं भुगतान लेखों को वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में बनाया गया है।

   (iii) हमारे अभिमत में, 27 सितंबर, 2012 की न्यास विलेख की उपधारा 13.1 के अंतर्गत जैसी अपेक्षा की गई है, एनआईसीडीआईटी द्वारा लेखा बहियों तथा अन्य संबंधित

अभिलेखों को उचित रूप से रखा गया है, जैसा इन पुस्तकों की हमारी जांच से प्रतीत होता है।

(iv) हम यह भी रिपोर्ट करते हैं किः

क. सहायता अनुदान

प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन फंड और प्रोजेक्ट डेवलपमेंट फंड के अंतर्गत सहायता अनुदान की स्थिति (प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार) निम्नलिखित है:

(करोड़ रुपए में)

विवरण	**प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन फंड (पूंजीगत परिसंपतियों के सृजन हेतु)**	**प्रोजेक्ट डेवलपमेंट फंड (परियोजना विकास गतिविधियों को करने के लिए)**
अथशेष (01.04.2021)	366.92	1.18
जोड़ेः 2021-22 के दौरान प्राप्त अनुदान	809.00	50.10
जोड़ेः 2021-22 के दौरान अर्जित ब्याज और लाभांश (जमा पर ब्याज, बचत खातों पर ब्याज और आयकर रिफंड पर ब्याज सहित)	7.78	0.06
जोड़ेः आय कर रिफंड	2.56	-
कुल उपलब्ध धनराशि	**1186.26**	**51.34**
घटाएः उपयोग की गई धनराशि	1171.04	50.10
31.03.2022 को इतिशेष	15.22	1.24

ख. प्रबंधन पत्र

कमियां जिन्हें लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है, उन पर उपचारात्मक/सुधारात्मक कार्रवाई के लिए पृथक रूप से जारी एक प्रबंधन पत्र द्वारा सीईओ एवं सदस्य सचिव के ध्यान में लाया गया है।

(v) हम रिपोर्ट करते हैं कि इस रिपोर्ट में देखे गए तुलन पत्र, आय एवं व्यय लेखा/प्राप्ति एवं भुगतान लेखा, लेखा पुस्तकों के अनुरूप है।

(vi) हमारे अभिमत में और हमारी सर्वोत्तम सूचना तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उल्लिखित वित्तीय विवरण जिन्हें लेखांकन नीतियों और लेखों पर नोट के साथ पढ़ा जाए तथा ऊपर बताए गए महत्वपूर्ण मामलों और इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अनुलग्नक -1 में उल्लिखित अन्य मामलों के अधीन, सामान्यतः भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार सत्य और निष्पक्ष विचार प्रस्तुत करते हैं;

(क) जहां तक कि यह 31 मार्च, 2022 को नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट के मामलों की स्थिति के तुलन पत्र से संबंधित है और

(ख) जहां तक कि यह उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए अधिशेष के आय एवं व्यय लेखा से संबंधित है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
के लिए तथा उनकी ओर से

हस्ता.

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 10 अक्टूबर, 2022

(दीपक कपूर)
लेखापरीक्षा प्रधान निदेशक (अवसंरचना)
नई दिल्ली

लेखापरीक्षा रिपोर्ट का अनुलग्नक ।

1. **आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली की पर्याप्तता**
   वर्ष 2021-22 के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा एक चार्टर्ड एकाऊंटेंसी फर्म द्वारा की गई है। सहायता अनुदान रजिस्टर और निवेश रजिस्टर के अनुरक्षण की जांच के संबंध में आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है।

2. **आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता**
   आंतरिक नियंत्रण प्रणाली संगठन के आकार के अनुरूप है।

3. **स्थायी परिसंपत्तियों के भौतिक सत्यापन की प्रणाली**
   एनआईसीडीआईटी के पास कोई स्थायी परिसंपत्ति नहीं है।

4. **स्टॉक के भौतिक सत्यापन की प्रणाली**
   एनआईसीडीआईटी के पास कोई स्टॉक नहीं है।

5. **सांविधिक बकायों के भुगतान में नियमितता**
   एनआईसीडीआईटी नियमित रूप से सभी सांविधिक बकाया जमा कर रहा है ।

नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट

(पूर्व में डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड के नाम से विदित)

तुलन पत्र

31 मार्च, 2022 को

(राशि रुपए में)

विवरण	अनुसूची	2021-22	2020-21
कोष/ पूंजी निधि और देयताएं			
कोष/पूंजी निधि	1	90,391,306,911	82,137,734,610
आरक्षित और अधिशेष	-	-	-
चिन्हित/ बंदोबस्त निधि	-	-	-
ऋण और उधार	-	-	-
चालू देयताएं और प्रावधान	2	689,329	544,339
जोड़		**90,391,996,240**	**82,138,278,949**
परिसंपत्तियां			
स्थायी परिसंपत्तियां	-	-	-
निवेश	3	86,841,684,431	75,268,477,541
चालू परिसंपत्तियां, ऋण, अग्रिम आदि	4	3,550,311,809	6,869,801,408
जोड़		**90,391,996,240**	**82,138,278,949**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	8		
आकस्मिक देयताएं और लेखों पर नोट	9		

उपर्युक्त उल्लिखित अनुसूचियां वित्तीय विवरणों का अंतर्निहित भाग है।

नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट
के लिए और उनकी ओर से

हस्ता.

(अमृत लाल मीणा)
सीईओ एवं सदस्य सचिव

हस्ता.

(अनुराग जैन)
अध्यक्ष

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 8 जून, 2022

नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट
(पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड)

आय और व्यय लेखा
31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए

(राशि रुपए में)

विवरण	अनुसूची	2021-22	2020-21
आय			
अर्जित ब्याज	5	298,928,951	258,671,340
अन्य आय	6	2,082,460	7,228,271
जोड़ (क)		**301,011,411**	**265,899,611**
व्यय			
अन्य प्रशासनिक व्यय	7	137,439,110	236,199,040
जोड़ (ख)		**137,439,110**	**236,199,040**
आय का व्यय पर आधिक्य के बाद शेष (क-ख)		163,572,301	29,700,571
अतिरिक्त कोष को अंतरित		605,059	1,900,889
सामान्य आरक्षित निधि को/से अंतरित		-	-
अधिशेष/(कमी) होने के कारण मुख्य कोष/ पूंजी निधि में अग्रेषित		**162,967,242**	**27,799,682**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	8		
आकस्मिक देयताएं और लेखों पर नोट	9		

उपर्युक्त उल्लिखित अनुसूचियां वित्तीय विवरणों का अंतर्निहित भाग है।

नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट
के लिए और उनकी ओर से

हस्ता.

(अमृत लाल मीणा)
सीईओ एवं सदस्य सचिव

हस्ता.

(अनुराग जैन)
अध्यक्ष

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 8 जून, 2022

नेशनल इंडस्ट्रियल कोरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट
(पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड)

प्राप्ति और भुगतान
31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए

(राशि रुपए में)

प्राप्तियां	2021-22	2020-21	भुगतान	2021-22	2020-21
I. अथशेष			**I. व्यय**		
क) रोकड़ शेष	-	-	अन्य प्रशासनिक व्यय	137,259,596	236,625,844
ख) बैंक शेष					
i) बचत खाते में	3,403,604	79,221	**II. विभिन्न परियोजनाओं के लिए किया गया भुगतान**		
ii) जमा खातों में	3,677,599,846	1,796,968,241			
II. प्राप्त अनुदान			क) मुख्य निधि से निम्न को जारी ऋण:		
क) मुख्य निधि के लिए भारत सरकार से प्राप्त	8,090,000,000	25,599,000,000	डीएमआईसी विक्रम उद्योगपुरी लिमिटेड	-	280,000,000
			ख) अतिरिक्त निधि में से		
ख) अतिरिक्त निधि के लिए भारत सरकार से प्राप्त			एनआईसीडीसी लिमिटेड को जारी सहायता अनुदान	501,000,000	451,000,000
-परियोजना विकास गतिविधियां	500,000,000	400,000,000			
-स्वच्छता कार्य योजना	1,000,000	1,000,000			
III. निम्न के निवेशों पर आय			**III. निम्न में से किया गया निवेश और निक्षेप**		
			क) मुख्य निधि में से	11,573,206,890	23,443,912,440
क) मुख्य निधि	-	-	ख) अतिरिक्त निधि में से	-	-
ख) अतिरिक्त निधि	-	-			
			IV. स्थायी परिसंपत्तियों एवं चालू पूंजीगत कार्यों पर व्यय	-	-
IV. प्राप्त ब्याज					
क) बैंक जमाओं पर (टीडीएस के बाद)	7,254,516	26,672,696			
ख) बचत खातों पर	69,127,166	17,809,237	**V. अधिशेष धनराशि/ऋणों की वापसी**	-	-
V. अन्य आय (अनुसूची 6 के संदर्भ में)					
			VI. वित्त प्रभार (ब्याज)	-	-
क) मुख्य निधि	2,047,208	6,087,073			
ख) अतिरिक्त निधि	252	1,141,198	**VII. अन्य भुगतान**	-	-
VI. उधार ली गई राशि	-	-	**VIII. इति शेष**		
			क) रोकड़ शेष	-	-
VII. अन्य कोई प्राप्तियां			ख) बैंक शेष		
(i)आयकर रिफंड	25,593,290	72,075,976	i) बचत खातों में	81,079	3,403,604
(ii) एनआईसीडीसी लिमिटेड से व्ययों की प्रतिपूर्ति	-	208,092	ii) जमा खातों में	164,478,317	3,677,599,846
(iii) इक्विटी अंतरण	-	171,500,000			
